# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**देशभर में शिवभक्ति की गूंज, शिवालयों में दिन लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़**



काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी



महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन

## काशी में मंगला आरती, उज्जैन में अभिषेक... सावन के पहले सोमवार पर रायपुर के हाटकेश्वर मंदिर में गूंजा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

सावन के पहले सोमवार के अवसर पर देशभर में शिवभक्ति की गूंज सुनाई दी। गुजरात में अरब सागर की लहरों के बीच स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ से लेकर मोक्षदायिनी नगरी काशी के काशी विश्वनाथ मंदिर तक, हर तरफ आस्था का माहौल दिखा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ रही। महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



हाटकेश्वर मंदिर, महादेव घाट, रायपुर

### पहले सोमवार का महत्व

सनातन परंपरा में सावन का महीना और विशेष रूप से इसका पहला सोमवार अत्यंत पावन माना गया है। शास्त्रों के मुताबिक सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। मान्यता है कि इसी महीने में माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी।

### बाबा बैद्यनाथ धाम में भक्तों का रेला

झारखंड के देवघर में सावन महीने के पहले सोमवार के मौके पर बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। यहां लगभग 2 से 3 लाख लोगों की भीड़ जुटी रही। बताया जा रहा है कि यहां लगभग 10 किलोमीटर तक भक्त लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

### बाबा महाकाल की सवारी

सावन माह के पहले सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी धूमधाम से निकली। भगवान महाकाल 'चंद्रमौलेश्वर' रूप में पालकी में विराजमान होकर प्रजा को दर्शन देने निकले। बाबा महाकाल चांदी की पालकी में सवार होकर निकले। पालकी के पीछे हाथी पर भगवान मनमहेश की प्रतिमा विराजित है।




सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107178/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹130900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹142890/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


### उपचुनाव के नतीजे, दो हार के बाद बिहार में चुनाव जीते प्रशांत किशोर

# बांकीपुर में 30 साल बाद ढहा भाजपा का किला, 'पंजे' के कब्जे में दतिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दतिया/पटना

**बिहार**



बांकीपुर से जन सुराज के प्रशांत किशोर **19,324** मतों से विजयी

**मध्यप्रदेश**



दतिया में कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को **6,016** मतों से हराया

**गुजरात**



भाजपा ने मांजलपुर सीट बरकरार रखी, सतीश पटेल **30,630** मतों से विजयी

तीन विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को आ गए। बिहार में बांकीपुर सीट से प्रशांत किशोर की जीत हुई। यह सीट पिछले 30 सालों से भाजपा के पास थी। मप्र का दतिया फिर कांग्रेस के कब्जे में चला गया, यहां भाजपा की रणनीति काम नहीं आई। गुजरात के मांजलपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर जीत हासिल की। नतीजे के आने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई।

मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सोमवार को कांग्रेस के उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आशुतोष तिवारी को 6,016 मतों से पराजित कर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी और दतिया के जिलाधिकारी स्वप्निल वानखड़े ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी ने 6,016 मतों से जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि 15वें और आखिरी दौर की मतगणना के बाद घनश्याम सिंह को 66,757 मत मिले, जबकि तिवारी को 60,741 मत प्राप्त हुए। वानखड़े ने बताया कि आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार दामोदर यादव को 22,527 मत मिले हैं जो तीसरे स्थान पर हैं। ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



### दतिया में क्यों हुआ उपचुनाव

दतिया सीट से कांग्रेस विधायक रहे राजेंद्र भारती को धोखाधड़ी के एक मामले में दिल्ली की अदालत द्वारा इस वर्ष अप्रैल में तीन वर्ष की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। उसके बाद इस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया था। दतिया उपचुनाव में कांग्रेस के घनश्याम सिंह और भाजपा के आशुतोष तिवारी सहित कुल 21 उम्मीदवार मैदान में थे। उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को हुए मतदान में 71.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बिहार में जनसुराज का दिखा जलवा

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में सोमवार को भाजपा के उम्मीदवार नीरज कुमार को 19,324 मतों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। सभी 32 चरणों की मतगणना पूरी होने के बाद प्रशांत किशोर को 64,151 मत मिले जबकि भाजपा के नीरज कुमार को 44,827 मत प्राप्त हुए। राजद की उम्मीदवार रेखा कुमारी 14,273 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### दो उम्मीदवारों के बीच हुआ मुकाबला

भाजपा ने गुजरात के वडोदरा जिले की मांजलपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सोमवार को जीत दर्ज कर यह सीट अपने पास बरकरार रखी। भाजपा उम्मीदवार सतीश गोविंदभाई पटेल ने कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री भीखाभाई रबारी को 30,630 मतों से हराया। मतगणना के सभी 20 दौर पूरे होने के बाद पटेल को 55,481 मत मिले।

### रायपुर में जुटे एचआईवी संक्रमित, छलका दर्द

# कहा-वेश्या की कॉलम में डाला, गोपनीयता भंग की



देशभर से रायपुर में जुटेंगे सैकड़ों एचआईवी संक्रमित
गोपनीय बैठक में दवा छोड़ने जैसा कड़ा फैसला संभव



***छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों के संक्रमित भी पहुंचे, मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोमवार को छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों से आए एचआईवी और एड्स संक्रमितों की गोपनीय बैठक हुई। बैठक में संक्रमितों के प्रति अफसर और प्रशासन के व्यवहार को लेकर विरोध जताया गया। संक्रमितों की संस्था सीजीएनपी प्लस ने आरोप लगाया कि कई महिलाओं को सामान्य होने के बाद भी उन्हें वैश्या, जिसे शॉर्ट फॉर्म में एफएसडब्ल्यू भी कहा जाता है, उस श्रेणी में डाल दिया गया है। बैठक में यह तय किया गया कि यदि छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसायटी यदि उनकी मांगे नहीं मानेगी, तो सरकार द्वारा दिए जाने वाली जीवन रक्षक एआरटी की दवा का सेवन पूरी ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### जीना हो चुका है मुश्किल

सरकार की योजनाओ को एचआईवी/एड्स संक्रमित व्यक्तियों को पहले समुदाय के माध्यम से ही पहुंचाया जाता था। जिसके कारण हमारी गोपनीयता बनी रहती थी, लेकिन अब यह काम ऐसे लोगों को दिया जा रहा है जो कि एचआईवी की गंभीरता और संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते। गैर एचआईवी समुदाय के लोग संक्रमितों के घर आकर बेवजह का हंगामा करते हैं। जिससे उनकी बीमारी की गोपनीयता भंग कर रहे हैं। जिसके कारण उनके घर और आसपास के लोगों को जानकारी मिल रही है, जिसके कारण उनकी जीना मुश्किल हो गया है।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल को नहीं मिलेगी मार्च की इजाजत

**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के ई20 ईंधन के खिलाफ ज्ञापन सौंपने के लिए चार अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास तक प्रस्तावित मार्च की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस सूत्र ने कहा कि मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है और किसी भी अनधिकृत मार्च को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

### कफ सिरप तस्करी, 2.5 करोड़ नकद बरामद

**कोलकाता।** प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी से जुड़े एक मामले की जांच में एक फ्लैट से करीब 2.5 करोड़ रुपए नकद, थोड़ी मात्रा में सोना और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। यह बरामदगी मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिला पुलिस द्वारा राज्य पुलिस के विशेष अभियान दल की सहायता से मालदा थाना क्षेत्र के मंगलबाड़ी स्थित एक फ्लैट में अभियान के दौरान की गई।

### मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री पारस जैन का निधन

**उज्जैन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री पारस चंद्र जैन का सोमवार को इंदौर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। जैन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जैन 2005 से राज्य में भाजपा सरकार के तीन कार्यकाल के दौरान मंत्री रहे।



**1.49 लाख 384 रुपए की हेराफेरी**

## हेमंचद यादव विवि के कुलसचिव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दैनिक वेतनभोगी महिला कर्मी के वेतन में गबन करने पर



हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट, बैंक अभिलेख और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ⏭शेष पेज 7 पर

### शिकायत के बाद विवि ने पुलिस को लिखा पत्र

महिला कर्मी की शिकायत मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दुर्ग एसएसपी को कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा था। पत्र के आधार पर मोहन नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर कुलसचिव को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपने प्रशासनिक पद का फायदा उठाते हुए ⏭ शेष पेज 7 पर

## लूट और हत्या से भिलाई में सनसनी उपसरपंच को लुटेरों ने मार डाला

***दोस्त ने भागकर बचाई जान, भिलाई से अपने गांव लौट रहा था***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई में उपसरपंच की लूट और हत्या ने शहर से लेकर गांव तक सनसनी फैली दी। घटना रविवार देर रात करहीडीह से चिखली चौक के समीप की है। पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है। जिससे गुस्साए कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। जेवरा सिरसा पुलिस के अनुसार ग्राम तुमाकला उपसरपंच प्रकाश सिंह कश्यप अपने दोस्त के साथ बाइक से भिलाई काम से आए थे। काम पूरा करने के बाद अपने गांव जाने के लिए निकले थे, तभी करहीडीह से चिखली चौक के बीच चार युवकों ने उन्हें रोक लिया। रुकने के बाद लूट की वारदात को अंजाम देते समय ⏭शेष पेज 7 पर



### जांच की जा रही है

शुरुआती जांच में लूट के दौरान हत्या की बात सामने आई है। आरोपियों की पहचान की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

-शमित मिश्रा
चौकी प्रभारी जेवरा पुलिस

**केंद्र सरकार ने अब चार हजार क्विंटल के स्टॉक का बनाया नियम**

# लो, अब मिठास भी महंगी...शक्कर पहली बार थोक में 50 और चिल्हर में 55 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन के ठीक पहले बाजार में शक्कर की कृत्रिम कमी पैदा करके इसके दाम बढ़ा दिए गए हैं। प्रदेश में पहली बार शक्कर के दाम थोक में 50 और चिल्हर में 55 रुपए हो गए हैं। केंद्र सरकार ने भी शक्कर की जमाखोरी की आशंका के बीच अब 1 अगस्त से ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर



### पहली बार इतने दाम

शक्कर के दाम थोक में इस समय 49 से 50 रुपए किलो हैं। पहली बार इतनी कीमत हुई है। प्रदेश में महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश से शक्कर आती है।

- प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष डूमरतराई थोक बाजार

### दाम बढ़ने का कारण जमाखोरी संभव

शक्कर की कीमत के ठीक त्योहारी सीजन के पहले बढ़ने को लेकर जानकारों का कहना है कि इसके पीछे जमाखोरी संभव है। त्योहारी सीजन से पहले कारोबारी स्टॉक कर लेते हैं ताकि त्योहारी सीजन में ज्यादा दाम पर इसको बेचा जा सके। शक्कर कारखानों से बाजार में भरपूर स्टॉक आने की बात की जा रही है, ⏭ शेष पेज 7 पर

### एथेनाल के कारण शक्कर की कमी

कारोबारियों का कहना है कि शक्कर की कमी का कारण एथेनाल भी है। अब गन्नों से एथेनाल बनने के कारण गन्ने की कीमत में इजाफा हो गया है। सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य भी बढ़ाकर 365 रुपए क्विंटल कर दिया है। ऐसे में खुले बाजार में गन्ने की कीमत और बढ़ गई है। खुले बाजार में चार सौ रुपए क्विंटल से ज्यादा दाम हो गए हैं। ऐसा होने से शक्कर का लागत मूल्य बढ़ने के कारण शक्कर की कीमत में इजाफा हो रहा है। किसान अपना ज्यादातर गन्ना एथेनाल बनाने के लिए दे रहे हैं तो शक्कर के कारखानों में गन्ने की कमी हो रही है।




# जंतर-मंतर पर धरनों पर लग सकती है रोक, विरोध-प्रदर्शन पर बदल सकते हैं नियम!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद मार्च के दौरान हुई झड़पों और जंतर-मंतर पर लगातार हो रहे प्रदर्शनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शनों और 20 जुलाई को कथित नीट पेपर लीक के विरोध में निकाले गए संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा से जुड़े मामलों पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि वह यह भी जांच करेगी कि क्या जंतर-मंतर अब प्रदर्शन के लिए उपयुक्त स्थान है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई, जिसमें 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों के लिए आयोजकों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता रिजवान अहमद ने अदालत को बताया कि सरकार के सकारात्मक रुख के बावजूद प्रदर्शन के आयोजक लोगों को लगातार उकसा रहे हैं और समाज में तनाव का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा वाले वीडियो और रील्स शेयर किए जा रहे हैं, जिससे माहौल और खराब हो रहा है।

**झड़पों के लिए आयोजकों की जवाबदेही तय करने की भी मांग**

## प्रदर्शन से चिकित्सा सेवाओं की आपूर्ति और आसपास के निवासियों को होती परेशानी

### एफआईआर की जगह सामुदायिक सेवा का सुझाव

अहमद ने अदालत से कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले युवाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हें कम से कम सात दिन की सामुदायिक सेवा (कम्युनिटी सर्विस) करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। उनका तर्क था कि इससे समाज में कड़वाहट कम होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग राज्य सरकारों द्वारा गिरफ्तारी और एफआईआर को लेकर अलग-अलग निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जबकि यह राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा है। ऐसे में पूरे देश के लिए एक समान नीति बनाई जानी चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जल्द सुनवाई की जाएगी और मुमकिन है बुधवार को इस पर विचार होगा।



**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर केंद्र को नोटिस :** इसी दौरान अदालत ने एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें मांग की गई है कि जंतर-मंतर के बजाय विरोध-प्रदर्शनों के लिए कोई वैकल्पिक स्थान तय किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि याचिका में यह मुद्दा उठाया गया है कि जंतर-मंतर पर लगातार प्रदर्शन होने से लोगों की आवाजाही, चिकित्सा सेवाओं की आपूर्ति और आसपास के निवासियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अदालत ने इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

### मामला अलग से सूचीबद्ध

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि याचिका में कहा गया है कि जंतर-मंतर अब ऐसे प्रदर्शनों के लिए उचित स्थान नहीं है। इससे वहां आने-जाने की व्यवस्था और मेडिकल आवश्यकताओं की आपूर्ति जैसे मुद्दे प्रभावित होते है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें लगता है कि यह महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल से इस मामले में निर्देश लेने को कहा और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए मामले को अलग से सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### केजरीवाल की घोषणा का भी हुआ जिक्र

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता सतीश चंद कौशिक ने अदालत को बताया कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री आवास तक मार्च करने पर फैसला लेने के लिए टाउन हॉल बैठक बुलाने की घोषणा की है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि 20 जुलाई जैसी स्थिति दोबारा न बनने दी जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन और पुलिस की है और वे इस संबंध में उचित कार्रवाई करेंगे।

### यह है मामला

20 जुलाई को कथित नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर संसद मार्च निकाला गया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और दिल्ली पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद आयोजकों की भूमिका, प्रदर्शन के तौर-तरीकों और जंतर-मंतर जैसे स्थायी प्रदर्शन स्थल की उपयुक्तता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गईं। अब सर्वोच्च अदालत इन सभी पहलुओं पर सुनवाई करेगी।

## खबर संक्षेप

### भागवत 6 को करेंगे जेन जेड से बातचीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 6 अगस्त को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) में जेन जेड और जेन अल्फा के साथ सेशन करेंगे। यह कार्यक्रम भारत के 'इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस' (आईआईएमयूएन) की 15वीं वर्षगांठ और इसके सालाना चैंपियनशिप कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मौके पर आयोजित किया जा रहा है।



### जंग के बीच भारत ने ईरान में बदला राजदूत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव, होर्मुज स्ट्रेट पर संकट और पश्चिम एशिया में बदलते हालात के बीच भारत ने तेहरान में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के सीनियर अफसर विश्वेश नेगी अब ईरान में भारत की नई जिम्मेदारी संभालेंगे। वह मौजूदा राजदूत रुद्र गौरव श्रेष्ठ की जगह लेंगे, जिन्हें तुर्किये भेजा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विश्वेश नेगी जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। विश्वेश नेगी 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं।



### महाराष्ट्र में धर्मांतरण रोधी कानून लागू

**मुंबई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने और सरकारी गजट में प्रकाशित होने के बाद महाराष्ट्र में धर्मांतरण-रोधी कानून लागू हो गया है। इससे जबरदस्ती, धोखाधड़ी, लालच या शादी के जरिए किए जाने वाले धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है। मार्च में बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा के दोनों सदनों से पारित 'महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक, 2026' को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई और 30 जुलाई को इसे राज्य के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। नए कानून के तहत, जो व्यक्ति दूसरा धर्म अपनाना चाहता है, उसे कम से कम 60 दिन पहलेज जिला मजिस्ट्रेट को सूचित करना होगा। धर्मांतरण के बाद की तय प्रक्रियाओं का भी पालन करना होगा।

**लोकसभा में बिना किसी बहस के पास कर दिया गया यह विधेयक**

# सुप्रीम कोर्ट में अब जजों की संख्या बढ़कर होगी 38, संशोधन बिल पास

सुप्रीम कोर्ट संशोधन बिल 2026 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। लोकसभा में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट संशोधन बिल बिना किसी बहस के पास कर दिया गया है। इस नए कानून के लागू होने के बाद मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सहित जजों की कुल संख्या 34 से बढ़कर 38 हो जाएगी। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह बिल पेश किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के हंगामे के चलते इस पर नहीं हो सकी कोई चर्चा

विपक्षी दलों के भारी हंगामे के कारण इस विधेयक पर कोई चर्चा नहीं हो सकी। सदन ने शोर-शराबे के बीच ही इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। सरकार का मानना है कि जजों की संख्या बढ़ने से मुकदमों की सुनवाई तेजी से हो सकेगी। सदन में विपक्षी दलों के सांसद राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े मुद्दों और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे थे। पीठासीन सभापति ने सांसदों से अपनी सीटों पर लौटकर चर्चा में शामिल होने की अपील की, लेकिन नारेबाजी जारी रही. इसके बाद विधेयक को बिना किसी बहस के ही पास कर दिया गया। कानून मंत्री ने बताया कि सरकार मई में ही इस संबंध में अध्यादेश लेकर आई थी। उसी अध्यादेश के आधार पर शीर्ष अदालत में पांच नए जजों की नियुक्ति भी की जा चुकी है। अब इस नए बिल से उस अध्यादेश को स्थायी कानूनी रूप मिल गया है।



### 2019 के बाद दूसरी बार बढ़ी जजों की संख्या

**बिल में यह है प्रावधान**

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या में 2019 के बाद यह दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। साल 2019 में जजों की संख्या 30 से बढ़ाकर 33 की गई थी। कानून मंत्री ने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि आजादी के बाद 1956 में पहली बार जजों की संख्या बढ़ाकर 11 की गई थी। समय बीतने के साथ मुकदमों का बोझ लगातार बढ़ता गया, जिसे देखते हुए अब जजों की संख्या 38 करने का फैसला लिया गया है। सरकार का तर्क है कि इससे लंबित मामलों को निपटाने में काफी मदद मिलेगी और आम जनता को जल्दी न्याय मिल सकेगा।

सदन की बैठक जब अपराह्न दो बजे शुरू हुई तो कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। इसमें उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान है। इस दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य राम मंदिर चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे। बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 का मकसद सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या बढ़ाना, पेंडिंग मामलों को कम करना और तेजी से न्याय सुनिश्चित करना है।

### दो अन्य बिल भी पेश

शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। इसी दरम्यान विपक्ष के हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 2026 और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक, 2026 पेश किए। सदन में हंगामा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कुछ मिनट बाद ही कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### 11वें दिन भी प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं

पीठासीन सभापति तेन्नेटी ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए उनसे विधेयक पर चर्चा में भाग लेने को कहा, लेकिन सदन में हंगामा नहीं थमा। सदन ने विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही ध्वनिमत से बिना चर्चा के विधेयक को पारित कर दिया। इसके बाद हंगामा नहीं थमने पर तेन्नेटी ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई को हुई थी और तब से सदन में विभिन्न मुद्दों पर हंगामे की स्थिति के कारण आज लगातार 11वें दिन भी प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सके।

# महिला के साथ क्रूरता करने वाले पुरुष के खिलाफ धारा 498ए के तहत होगा मुकदमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498A का दायरा बढ़ाते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता से संबंधित यह प्रावधान उन लिव-इन रिलेशनशिप पर भी लागू होगा, जो 'शादी जैसे रिश्ते' की श्रेणी में आते हैं। न्यायालय के अनुसार, ऐसे मामलों में महिला के साथ क्रूरता करने वाले पुरुष के खिलाफ भी धारा 498A के तहत मुकदमा चलाया जा सकेगा। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि धारा 498A केवल उन्हीं लिव-इन रिलेशनशिप पर लागू होगी, जो वास्तव में 'शादी जैसे रिश्ते' हों।

अदालत ने कहा कि ऐसे रिश्तों में विवाह करने का इरादा संबंध का एक महत्वपूर्ण तत्व होना चाहिए।

### 'लिव-इन रिलेशनिशप' मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



पीठ ने यह भी कहा कि यह सुरक्षा केवल दो सहमति से साथ रहने वाले बालिग व्यक्तियों के बीच बने रिश्तों पर ही लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि धारा 498ए की यह विस्तारित व्याख्या केवल इसी प्रावधान तक सीमित रहेगी। इसका प्रभाव भारतीय दंड संहिता या किसी अन्य कानून की किसी दूसरी धारा पर नहीं पड़ेगा।

### पैदल चलने वालों को मिले जगह

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश में जहां भी सड़कें हैं, वहां पैदल चलने वालों के लिए अलग जगह तय होनी चाहिए। इस जगह पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस काम के लिए किसी बड़े बजट या निर्माण की जरूरत नहीं है। सरकार रस्सी या किसी अन्य तरीके से भी पैदल चलने वालों के लिए रास्ता अलग कर सकती है। बस यह सुनिश्चित किया जाए कि गाड़ियां उस रास्ते में न आएं। कोर्ट ने केंद्र को इस पर कदम उठाने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है।

**अभिजीत ने कहा- विपक्ष को किया गया बदनाम**

# सीजेपी नहीं बनाएगी राजनीतिक दल, युवाओं के लिए करेगी टूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी। इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद सीजेपी देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने यह जानकारी देने के बाद आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शन में बाहरी लोगों ने घुसपैठ की थी, जिसके कारण 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि विरोध-प्रदर्शन को बदनाम करने के लिए बाहर से लोग भेजे गए थे। इन लोगों की दिल्ली पुलिस के साथ मिलीभगत थी।



### दिल्ली पुलिस पर उठाए सवाल

दीपके ने गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी और पुलिस कार्रवाई कैसे हो सकती है। उन्होंने सवाल किया कि क्या पुलिस केवल 12 साल की लड़कियों पर लाठी चलाने के लिए सक्रिय होती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का यह कहना कि विरोध स्थल पर 2100 अपराधी देखे गए थे, यह अमित शाह और पुलिस की विफलता है। उन्होंने इसे पुलिस की सोची-समझी साजिश करार दिया।

### स्टूडेंट्स की लीगल मदद के लिए फंड बनाया

कॉकरोच जनता पार्टी ने 27 जुलाई को पेपर लीक आंदोलन के बाद आपराधिक मामलों का सामना कर रहे छात्रों की कानूनी सहायता के लिए लीगल डिफेंस फंड बनाने की घोषणा की थी। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने इस फंड में 1 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। उन्होंने देशभर के वकीलों से भी इस कोष में योगदान देने की अपील की थी। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा था कि केंद्र सरकार के आश्वासन के बावजूद देशभर में छात्रों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया था कि इस मामले में सीजेपी सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के संपर्क में है। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कपिल सिब्बल भी मौजूद थे।

**लश्कर ए तैयबा का बड़ा कुबूलनामा**

# भारतीय एजेंट्स ने पाक में 30 से ज्यादा आतंकियों को मारा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकी ने खुलेआम माना है कि पिछले तीन-चार साल में पाकिस्तान के इस आतंकी संगठन के 30 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। हाल के वर्षों में संगठन की तरफ से नुकसान को लेकर यह सबसे बड़ा कुबूलनामा है। रिजवान हनीफ नाम के आतंकी के इस कुबूलनामे का वीडियो मई में रिकॉर्ड किया गया था, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इन हत्याओं के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसियां थीं, जिसे उसने 'अननॉन गनमैन मॉडल' कहा है। अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए हनीफ ने दावा किया कि पेशावर, कराची, रावलपिंडी, मुजफ्फराबाद और रावालाकोट समेत पाकिस्तान के कई शहरों में एलईटी सदस्यों को निशाना बनाया गया। हनीफ ने कहा, 'पिछले तीन-चार सालों में हमारे 30 से ज्यादा लोगों को भारतीय खुफिया एजेंटों ने मार डाला है।'



### पीओके का भी आया जिक्र

अपने भाषण में हनीफ ने दावा किया कि इस कथित मिशन की वजह से संगठन के आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 'सुकून' से नहीं रह पा रहे थे। उसने दावा किया, 'भारतीय खुफिया एजेंसियों ने हमारे लोगों को कश्मीर में शांति और सुकून से नहीं रहने दिया। उन्होंने अपने एजेंटों के जरिए हमारे लोगों को शहीद कर दिया है।'

### कई आतंकी हुए हैं शिकार

हनीफ का बयान साफ तौर पर इस बात की ओर इशारा करता है कि लश्कर को बीते कुछ वर्षों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हाल के वर्षों में पूरे पाकिस्तान में इन संगठनों से जुड़े कई आतंकी अज्ञात बंदूकधारियों का शिकार हुए हैं, जिससे इन हमलों के पीछे कौन है, इसे लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पाकिस्तान ने कई बार भारत पर अपने इलाके में टारगेटेड किलिंग करने का आरोप लगाया है, जबकि नई दिल्ली ने ऐसे आरोपों को खारिज किया है।

**गली कूचे, गांव देहात के मरीजों के लिए खुशखबरी**

# दोपहिया एंबुलेंस के सेवा पर केंद्र कर रहा है विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में दो महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन के लिए दो अलग-अलग प्रारूप (ड्राफ्ट) अधिसूचनाएं जारी की हैं। इनमें पहली अधिसूचना दोपहिया रोड एम्बुलेंस को कानूनी मान्यता देने से संबंधित है, जबकि दूसरी व्हीकल-टू-व्हीकल कम्युनिकेशन सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के प्रस्ताव से जुड़ी है। मंत्रालय ने इन दोनों मसौदा अधिसूचनाओं पर संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं। अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद इन नियमों को लागू किया जाएगा। जाहिर सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले ऐसे मरीजों के लिए टू व्हीलर एंबुलेंस वरदान साबित होगी जहां फोर व्हीलर एंबुलेंस केके जाने का रास्ता ही नहीं। गली हो या संकरा रास्ता, देहात का कच्चा इलाका हो या फिर ऐसे क्षेत्र जहां बड़ी एम्बुलेंस की आवाजाही बेहद मुश्किल है वैसी जगहों पर दोपहिया एम्बुलेंस फटाफट मरीजों को अस्पताल पहुंचा सकेगी।

### दूरदराज़ क्षेत्रों में तेजी से पहुंचेगी चिकित्सा सहायता

मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित दोपहिया रोड एम्बुलेंस सेवा का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं या अन्य चिकित्सा आपात स्थितियों में मरीजों तक कम समय में पहुंचना है। विशेष रूप से ऐसे ग्रामीण, पहाड़ी, भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों और संकरी गलियों में, जहां चार पहिया एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती, वहां मोटरसाइकिल आधारित एम्बुलेंस अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। इन दोपहिया एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), जीवनरक्षक उपकरण तथा प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जिससे मरीज को अस्पताल पहुंचने से पहले आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सके। मंत्रालय का मानना है कि इससे गोल्डन ऑवर के दौरान उपचार मिलने की संभावना बढ़ेगी और गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

### वाहनों के बीच होगी सीधी डिजिटल बातचीत

दूसरे प्रस्ताव के तहत मंत्रालय ने व्हीकल-टू-व्हीकल कम्युनिकेशन सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है। यह तकनीक वाहनों को आपस में वायरलेस माध्यम से वास्तविक समय (रियल टाइम) में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। इसके माध्यम से वाहन एक-दूसरे की गति, दिशा, ब्रेक लगाने की स्थिति और संभावित खतरे की जानकारी साझा कर सकेंगे।

**दुर्घटनाओं को रोकने में मिलेगी मदद :** मंत्रालय के अनुसार वी टू वी प्रणाली से चालक या वाहन के सुरक्षा तंत्र को पहले से ही कई महत्वपूर्ण चेतावनियां मिल सकेंगी। इनमें शामिल हैं : आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लगाने की सूचना। सामने टक्कर (फॉरवर्ड कोलिजन) का संभावित खतरा।

### सड़क सुरक्षा को मिलेगा तकनीकी आधार

विशेषज्ञों का मानना है कि वी टू यू वी तकनीक भविष्य की इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और कनेक्टेड मोबिलिटी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात को अधिक सुरक्षित बनाने तथा आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता आसान बनाने में सहायता मिल सकती है। यदि ये दोनों प्रस्ताव अंतिम रूप में लागू होते हैं तो एक ओर दूरदराज और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता अधिक तेजी से उपलब्ध होगी, वहीं दूसरी ओर आधुनिक संचार तकनीक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी।

# पोत में लगी भीषण आग लापता की हो रही तलाश

एजेंसी ▶▶ सुराबाया

इंडोनेशिया में जावा द्वीप के पास एक पोत में आग लगने के बाद बचावकर्मी सोमवार को संभावित लापता यात्रियों की तलाश में जुटे रहे। इस हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 229 लोगों को बचा लिया गया। 'मुतियारा सेंटोसा-2' पोत पूर्वी जावा के इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े शहर सुराबाया से दक्षिण सुलावेसी के मकास्सर शहर जा रहा था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पोत में आग लगने के समय इसमें 232 यात्री और 39 चालक दल के सदस्य सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, सुमेनेप जिले के समुद्री क्षेत्र में सुबह करीब छह से सात बजे के बीच पोत में आग लगी। सोमवार सुबह अधिकारियों ने बताया कि पोत में दर्ज संख्या से कहीं अधिक लोग सवार थे। अब तक 229 लोगों को बचाए जाने तथा पांच शव मिलने के बाद भी लापता लोगों की सही संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकारियों ने बताया कि लापता लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए वे पीड़ितों के परिजनों और जीवित बचे यात्रियों से मिली जानकारी पर निर्भर हैं। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और इसकी जांच जारी है।

**इंडोनेशिया में हादसा**

रायपुर
मंगलवार 4 अगस्त 2026
श्रावण, कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 15
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 17.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से ज्ञानेश्वरी यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. रमन ने शुभकामनाएं दी।

## दिव्यांगजनों को मिला सहारा, दिए गए आधुनिक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, किसी भी संवेदनशील और विकसित समाज की पहचान इस बात से होती है कि वहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार मिले। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी प्रतिभा, क्षमता तथा आत्मविश्वास को सही अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार इसी सोच के साथ दिव्यांगजनों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक ⏭शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट धड़कन, दधीचि एवं वंदन जैसे प्रोजेक्ट

### सीएम ने इंडोर स्टेडियम की मरम्मत, साज-सज्जा के लिए सात करोड़ देने का किया ऐलान



### दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण भी : खुशवंत

तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, प्रोजेक्ट 'सहारा' केवल सहायक उपकरण वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, स्वावलंबन और सामाजिक समावेशन का अभियान है। उन्होंने कहा, डिजिटल इंडिया के इस दौर में राज्य सरकार आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के माध्यम से दिव्यांगजनों को ⏭ शेष पेज 7 पर

## कॉमनवेल्थ की पदक विजेता ज्ञानेश्वरी बनीं डीएसपी, मिलेंगे 30 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

### राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव का मुख्यमंत्री निवास में भव्य स्वागत

ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल-2026 में महिला वर्ग की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव का मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ⏭शेष पेज 7 पर



### प्रदेश सरकार को इस बेटी पर गर्व : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रदेश सरकार को अपनी इस बेटी पर गर्व है। इसी भावना के साथ राज्य सरकार ने उन्हें आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने का निर्णय लिया है, ताकि उनकी उपलब्धि का सम्मान हो और प्रदेश के अन्य खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मोदी वीडियो : जुकरबर्ग को माफी मांगें : दुबे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो फेसबुक से हटाने के मामले में, संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा कि मेटा प्रमुख मार्क जुकरबर्ग को इस घटना के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगनी चाहिए, जबकि समिति के कई अन्य सदस्यों ने जवाबदेही तय कर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, समिति में शामिल विपक्षी दलों के सांसदों ने कहा कि सोशल मीडिया पर असहमति के लिए पर्याप्त गुंजाइश होनी चाहिए।

### घर की छत गिरने से दंपति की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में एक मंजिला मकान की छत गिरने से एक दंपति की मौत हो गई। हालांकि, हादसे में



एक बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया। मृतकों की पहचान टिंकू (32) और उसकी पत्नी उर्मिला (30) के रूप में हुई है। घटना रविवार रात करीब 10 बजे न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के जेपी नगर में हुई। दंपति किराए के मकान में था तभी घर की छत अचानक ढह गयी जिससे वे मलबे में फंस गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक-युवती की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में ओखला और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रेन की



चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक और एक युवती की मौत हो गई। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। तलाशी के दौरान पुलिस को उस व्यक्ति की जेब से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के निवासी सागर (23) के रूप में हुई।

### लाल किला, कई स्कूलों को बम की धमकियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला, महापौर कार्यालय और कई स्कूलों को सोमवार सुबह ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकियां मिलीं, जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने



तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक ली गई तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। सुबह 9.07 बजे एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और अग्निशमन सेवा की टीमें स्कूलों और ईमेल में उल्लिखित अन्य स्थानों पर पहुंचीं।

### नीट पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारी छात्रों को सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

# छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ले सकती हैं राज्य सरकारें

*सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि दिल्ली और अन्य राज्य सरकारें नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर बंद या वापस ले सकती हैं। हालांकि, यह राहत केवल उन छात्रों के लिए होगी जिनके खिलाफ गंभीर और जघन्य अपराधों से जुड़े आपराधिक मामले नहीं हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि दिल्ली और अन्य राज्यों की सरकारें राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को बंद कर सकती हैं या उन्हें वापस ले सकती हैं, बशर्ते उनका गंभीर और जघन्य अपराधों का कोई 'आपराधिक रिकॉर्ड' नहीं हो।

- पुलिस पिटाई के करीब 300 वीडियो कोर्ट को सौंपे गए

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि 'आपराधिक रिकॉर्ड' से आशय सिर्फ गंभीर और जघन्य अपराधों से है। मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुरुआत में शीर्ष अदालत को बताया कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी पर आगे नहीं बढ़ने की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर है, सिवाय उन छात्रों के जिनका आपराधिक रिकॉर्ड ⏭शेष पेज 7 पर

### गंभीर और जघन्य अपराध से जुड़े मामले नहीं होंगे वापस



#### कोर्ट ने पहले यह टिप्पणी की थी

शीर्ष अदालत ने इससे पहले कहा था कि सिर्फ इसलिए पुलिस की ज्यादती या 'लाठीचार्ज' को सही नहीं ठहराया जा सकता कि कोई आंदोलन हो रहा है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार पूरी तरह से सुनिश्चित है। दिल्ली में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पें हुई थीं। संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने लाठियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया था।



#### केंद्र सरकार ने कोर्ट में क्या कहा?

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार अपने उस रुख पर कायम है कि नीट प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर आगे नहीं बढ़ाई जाएंगी। हालांकि, जिन लोगों का संबंध गंभीर और जघन्य अपराधों से जुड़े आपराधिक मामलों से है, ऐसे 2700 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं लेने का फैसला किया गया है।

#### 2700 पर दर्ज एफआईआर वापस नहीं होगी?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि जिन लोगों का संबंध गंभीर और जघन्य अपराधों से जुड़े आपराधिक मामलों से है, ऐसे 2700 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं लेने का फैसला किया गया है।

#### लगभग 300 वीडियो सौंपे गए

*वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत में कहा कि प्रदर्शन के दौरान वकीलों के बच्चों तक के साथ मारपीट की गई। उन्होंने अदालत को बताया कि इस संबंध में लगभग 300 वीडियो सौंपे गए हैं। उन्होंने मांग की कि दिल्ली पुलिस आयुक्त और रैपिड एक्शन फोर्स के निदेशक से पूछा जाए कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज और पैलेट गन जैसे उपायों का इस्तेमाल क्यों किया। उनका यह भी कहना था कि कई ऐसे लोगों की पहचान की गई है जो वर्दी में नहीं थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई में शामिल दिखाई दिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त को तय की है। इसी दिन मामले में आगे की सुनवाई होगी।*

#### पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने की थी सख्त टिप्पणी

*इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केवल प्रदर्शन होने के आधार पर पुलिस की ज्यादती या लाठीचार्ज को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह भी दोहराया था कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार पूरी तरह से संवैधानिक रूप से संरक्षित है।*

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 6 अगस्त को सक्ती में





नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरिभूमि एवं आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में जिला संवाद का आयोजन 6 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 बजे से राधा कृष्ण मंदिर, सक्ती में किया जाएगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित जनप्रतिनिधियों से प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी संवाद करेंगे। कार्यक्रम में जांजगीर लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व भाजपा प्रत्याशी चंद्रपुर श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कृष्णकांत चंद्रा, ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

#### जिले के विकास, चुनौती पर मंथन

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग-व्यापार जगत, प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी भागीदारी निभाएंगे। संवाद के माध्यम से जिले के विकास की दिशा, उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### यूपीआई ने बनाया रिकॉर्ड

## 23.66 अरब के लेनदेन के साथ 29.88 लाख करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने जुलाई 2026 में अपने इतिहास का सर्वाधिक मासिक लेनदेन दर्ज किया। इस दौरान यूपीआई के माध्यम से 23.66 अरब डिजिटल लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य 29.88 लाख करोड़ रुपये रहा। पीएमओ ने इसे भारत के डिजिटल भुगतान के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

#### दस वर्षों में डिजिटल क्रांति

11 अप्रैल 2016 को शुरू किया गया यूपीआई शुरुआती दौर में एक प्रयोग के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन दस वर्षों के भीतर इसने भारत की भुगतान प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया। आज यह देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। यूपीआई ने नकदी पर निर्भरता कम की है।

## मंत्रियों को निशाना बनाने के पाक नेटवर्क का भंडाफोड़

### जैश का तीसरा संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को जैश-ए-मोहम्मद के कथित गुर्गे हमीम मंडल के एक कथित



सहयोगी को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने राज्य में मंत्रियों, उनके रिश्तेदारों तथा अन्य रसूखदार लोगों को निशाना बनाने वाले पाकिस्तान से जुड़े 'हनीट्रैप' नेटवर्क का खुलासा किया है। हावड़ा के बेलिलियस रोड से आदित्य सिंह की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इस मामले में जांच जारी है।

#### मंत्री से मांगी थी रंगदारी

शहरी विकास राज्य मंत्री उमेश राय ने हाल में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने उन्हें फोन करके पाकिस्तानी एजेंसी से संबंध होने का दावा करते हुए रंगदारी मांगी थी और उनके बेटे के अपहरण की धमकी दी थी। मंत्री ने पुलिस को यह भी बताया था कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें भाजपा कार्यालय की तस्वीरें भेजी थीं और परिसर पर हमले की चेतावनी दी थी। जांच आगे बढ़ने के दौरान जांचकर्ताओं को एक ऐसे सीमा पार 'हनीट्रैप' मॉड्यूल का पता चला, जिसके पाकिस्तान में मौजूद गैंगस्टर शहजाद भट्टी के सिंडिकेट और कथित आतंकी सहयोगियों से जुड़े होने का संदेह है।

## कैटरिंग कंपनियों पर 5.13 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में भोजन की खराब गुणवत्ता और अस्वच्छ पेंट्री कार से जुड़ी शिकायतों की जांच के बाद सेवा प्रदाताओं पर पिछले तीन वर्षों में 5.13 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। कांग्रेस सांसद चंद्रकांत हंडोरे ने प्रीमियम ट्रेनों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का मुद्दा उठाते हुए पूछा था कि पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रीमियम और एक्सप्रेस ट्रेनों में खराब भोजन, अस्वच्छ पेंट्री कार और आतिथ्य सेवाओं में कमी से संबंधित कितनी शिकायतें मिलीं? हंडोरे ने यह भी जानना चाहा था कि संस्थागत रूप से अधिक शुल्क वसूलने आदि के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई?

### राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव

## भैयाजी पालक पद से मुक्त नए संरक्षक की तलाश

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में दाना चोरी की घटना के बाद से मची उथल-पुथल थम नहीं रही है। चंपतराय, डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव के हटने के बाद अब संगठन संरक्षक के तौर पर राम मंदिर के पालक नियुक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी भैयाजी जोशी भी दायित्व से मुक्त कर दिए गए हैं। सूत्रों की मानें तो पालक की जिम्मेदारी के लिए दूसरे बड़े और कद्दावर चेहरे की तलाश शुरू हो चुकी है।



#### ट्रस्ट की बैठकों में हमेशा शामिल होते रहे

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन और जमीन खरीद फरोख्त को लेकर हुए विवाद के बाद संघ नेतृत्व ने सर कार्यवाह पद से स्वास्थ्य कारणों से सेवामुक्त हुए भैयाजी जोशी को राम मंदिर का पालक नियुक्त कर उनका केंद्र लखनऊ तय किया था। इसके कारण वह प्रायः ट्रस्ट की बैठकों में शामिल होते थे।

*ईपीएस-95 के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों का ऐलान*

## न्यूनतम मासिक पेंशन 7500 की मांग पर कल देशभर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की पेंशन योजना ईपीएस-95 के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों ने न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपए मासिक किए जाने की मांग को लेकर पांच अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन का सोमवार को आह्वान किया। वर्तमान में कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन 1,000 रुपए है। यह व्यवस्था एक सितंबर, 2014 से लागू है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन 7,500 रुपए किए जाने, महंगाई भत्ता (डीए) देने के समर्थन में प्रदर्शन का आह्वान किया है।




#### देश में 81 लाख पेंशनधारक

समिति का कहना है कि कई साल से ज्ञापन देने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने और सरकार से अपील करने के बावजूद इस संबंध में कोई सार्थक नीतिगत फैसला नहीं लिया गया है। राउत ने कहा कि ईपीएस-95 के करीब 81 लाख पेंशनधारक पिछले एक दशक से अधिक समय से इन मांगों को उठा रहे हैं।

#### केवल 1,171 रुपए मासिक पेंशन

बड़ी संख्या में ईपीएस-95 पेंशनधारकों को औसतन केवल 1,171 रुपए मासिक पेंशन मिलती है, जो मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में जीवन-यापन के लिए अपर्याप्त है। देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में दशकों तक योगदान देने वाले श्रमिक ऐसी सेवानिवृत्ति आय के हकदार हैं जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा तथा सम्मानजनक जीवन मिल सके।

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व सांसद बृजभूषण बरी

## कुश्ती संघ की कुर्सी गई, राजनीति में हाशिए पर, अब राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और सह-आरोपी विनोद तोमर को बरी कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्विनी पंवार ने इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और

- दिल्ली की अदालत का फैसला



#### बंद कमरे में हुई सुनवाई

मामले की सुनवाई बंद कमरे में हुई और मीडिया को अदालत कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद सिंह के वकील ने अदालत के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उनको बरी किए जाने की पुष्टि की।

#### क्या है मामला

यह मामला अप्रैल 2023 का है, जब ओलंपियन खिलाड़ियों सहित कई महिला पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सात महिला पहलवानों की याचिका पर संज्ञान लिया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव तोमर को बरी कर दिया। पत्रकारों से बातचीत में बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अदालत ने उन्हें और विनोद तोमर को 'बाइज्जत बरी' किया है। उन्होंने कहा, पहले ही दिन मैंने कहा था कि यदि मेरे खिलाफ लगाया गया कोई भी आरोप साबित हो जाए तो मैं खुद फांसी पर लटक जाऊंगा। अब अदालत ने मुझे बाइज्जत बरी कर दिया है। मैं खुश हूं और अपने वकीलों का आभारी हूं। भाजपा सांसद रह चुके सिंह ने कहा, फिलहाल मैं इतना ही कह सकता हूं।

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** मंत्रालय में अपनी अच्छी जान पहचान का हवाला देते हुए फूड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी लारेन्स एन्थोनी कुज को कोतवाली पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी विनोद पानीग्राही निवासी आसना स्कूल पारा ने बताया कि पूर्व से परिचित लारेन्स एन्थोनी कुज ने मंत्रालय में अपनी पहचान का हवाला देकर फूड इंस्पेक्टर के पद नौकरी लगाने के नाम से दिनांक 24 जुलाई 2022 से 20 सितम्बर 2024 तक गूगल पे व चेक के माध्यम से लारेन्स एन्थोनी कुज को कुल 1 लाख 91 हजार 5 सौ रूपए दिया। इस बीच नौकरी के सबंध में बार बार पूछने पर वह घुमाता रहा।

### अवैध हिरासत मामले में पांच लाख क्षतिपूर्ति की मांग, याचिका खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने अवैध हिरासत का आरोप लगाते हुए बतौर क्षतिपूर्ति पांच लाख रुपए मुआवजा की मांग वाली ग्रामीण की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर सका कि हिरासत बिना कानूनी अधिकार या दुर्भावना से की गई थी। मामला 22 सितंबर 2021 का है, जब पुलिस ने उत्तर छत्तीसगढ़ सरगुजा के बतौली निवासी जामुना प्रसाद गुप्ता को धारा 151, 107 और 116 सीआरपीसी के तहत कार्यपालिक दंडाधिकारी के सामने पेश किया था। जमानत बांड उसी दिन जमा करने के बाद भी रिहाई 24 सितंबर तक नहीं हुई। बाद में जमानत बांड स्वीकार होने पर उसे छोड़ा गया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि वह निर्दोष था और हिरासत से मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना पहुंची, उसकी प्रतिष्ठा धूमिल हुई।

## गेउर नदी उफान पर, पुल के ऊपर दो फीट तक बहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर

सरगुजा के बलरामपुर जिले के कई क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण गेउर नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल के ऊपर करीब दो फीट तक पानी बहने लगा, जिससे राजपुर-ओकरा मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रविवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार सुबह से भी क्षेत्र में लगातार वर्षा होती रही। तेज बारिश के चलते गेउर नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुल के ऊपर एक से दो फीट तक तेज बहाव रहा, जिसके कारण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। पुल के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवश्यक कार्य से आने-जाने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।



राजपुर-ओकरा मार्ग स्थित पुल के ऊपर से इस वर्ष पहली बार पानी बहने लगा।

इस दौरान कुछ युवक जान जोखिम में डालकर पुल के ऊपर से मोटरसाइकिल निकालते नजर आए, जबकि कुछ ग्रामीण तेज बहाव के बीच पैदल नदी पार करते दिखे। इससे किसी भी समय हादसा होने की आशंका बनी रही।

## सीतरम कैंप में पानी घुसा, डूबने से कई सामान बर्बाद



**कांकेर/पखांजूर।** क्षेत्र में हो रही भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। बारिश का पानी आधी रात को सीतरम बीएसएफ कैंप में घुसने से काफी सारा सामान बर्बाद हो गया है। कैंप के पास स्थित नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से जवान सामान को नहीं बचा पाए। जवानों ने दो मंजिला मोर्चे पर चढ़कर किया अपने आप को सुरक्षित। जलस्तर कम होने के बाद सामान एकत्रित करने में जवान जुटे रहे।



पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल ने बताया कि कैंप में पानी भर गया था। उसमें सभी जवान निकल गए थे और 10 जवान फंस गए थे। बाद में उन जवानों को रेस्क्यू करके निकाला गया था, किसी को जनहानि और न ही कोई चोट आई है। उन सभी जवानों को उस दिन परियादी कैंप में शिफ्ट किया गया और वर्तमान में स्थिति सामान्य है।

### किसानों को अपनी ही जमीन पहचानना हुआ मुश्किल

## पैरी की बाढ़ ने उजाड़ी किसानों की दुनिया लहलहाते धान के खेत बने रेगिस्तान

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

**29 और 30 जुलाई को हुई भीषण बारिश के बाद पैरी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ ने कोपरा और तर्रा गांव के किसानों की वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बाढ़ का पानी उतरने के बाद जो तस्वीर सामने आई, उसने हर किसी को झकझोर दिया। जहां कुछ दिन पहले तक धान की लहलहाती फसलें किसानों के सुनहरे भविष्य की उम्मीद थीं, वहां आज चारों ओर केवल रेत ही रेत नजर आ रही है। हालात इतने भयावह हैं कि कई किसान अपनी ही कृषि भूमि की पहचान नहीं कर पा रहे हैं।**

बताया जा रहा है कि भारी बारिश के बाद सिकासार जलाशय से पानी छोड़े जाने के पश्चात पैरी नदी उफान पर आ गई। तेज बहाव के कारण तटबंध टूट गए और बाढ़ का पानी सीधे खेतों में घुस गया। पानी उतरने के बाद खेतों पर मोटी रेत की परत जम गई, जिससे सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि खेती योग्य नहीं रह गई। पैरी नदी में आई बाढ़ ने 150 एकड़ कृषि जमीन को निगल गया है। जब हरिभूमि की टीम बाढ़ प्रभावित कोपरा और तर्रा गांव पहुंची तो किसानों की आंखों में बेबसी और दर्द साफ दिखाई दिया। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी और उपजाऊ मिट्टी की जगह रेत का विशाल मैदान नजर आ रहा था। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में कभी ऐसी तबाही नहीं देखी।

**कोपरा और तर्रा के 150 एकड़ से अधिक खेत बाढ़ और रेत की चपेट में**

#### किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फसल क्षति का तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए।
- खेतों में जमी रेत हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।
- पैरी नदी के टूटे तटबंध का स्थायी निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।
- प्रभावित किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए।

#### किसान बोले- फसल गई, अब खेती की जमीन भी छिन गई



#### 150 एकड़ से अधिक कृषि भूमि प्रभावित

ग्राम पंचायत तर्रा के सरपंच प्रतिनिधि टुकेश साहू ने बताया कि तर्रा और कोपरा की सरहद से लगे क्षेत्र में 150 एकड़ से अधिक कृषि भूमि बाढ़ से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायत किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से किसानों को न्याय दिलाने की मांग करेगी। आवश्यकता पड़ने पर किसानों के हित में आंदोलन भी किया जाएगा।



#### खेतों से रेत हटाई जाए तटबंध करें मजबूत

किसान नागेश सेन ने बताया कि वे लगभग तीन एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन बाढ़ ने सब कुछ खत्म कर दिया। अब खेत इतनी रेत से पट गए हैं कि वे स्वयं अपनी जमीन की सीमाएं नहीं पहचान पा रहे हैं।

किसान नंदू तारक ने कहा कि उनके परिवार की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। फसल के साथ-साथ उनकी कृषि भूमि भी रेत में दब गई है। उन्होंने शासन से फसल क्षति का उचित मुआवजा देने और खेतों से रेत हटाने की विशेष योजना बनाने की मांग की।

ग्राम तर्रा के किसान रिपुसुदन निर्मलकर ने कहा कि खेती ही उनके परिवार का एकमात्र सहारा है। अब जब खेत ही रेत में दब गया है, तो पूरा परिवार गहरे सदमे में है और भविष्य की चिंता सता रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## बाल संप्रेक्षण गृह से आठ अपचारी बालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चोरी, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस और दुष्कर्म सहित कई अन्य मामलों में लिप्त अपचारी बालकों के लिए बरोंडाबाजार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से 8 अपचारी बालक सोमवार तड़के फरार हो गए। पुलिस गश्ती दल ने रात दो से ढाई बजे के बीच दौरा किया उस दौरान सब कुछ सामान्य पाया। इसके बाद ही अपचारी बालक फरार हुए। प्रदेशभर में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं ने इन संप्रेक्षण गृहों के सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही यहां पर सुरक्षा में तैनाती की कमी भी उजागर होकर सामने आ रही है।

- आबकारी एक्ट एनडीपीएस चोरी और दुष्कर्म सहित कई अन्य मामलों में थे लिप्त




जानकारी के अनुसार, घटना के समय शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह में कुल 27 अपचारी बालक रह रहे थे। इनमें से आठ बालक रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात तीन बजे खिड़की की ग्रिल तोड़कर भागने में सफल रहे। फरार होने वाले इन आठ अपचारी बालकों में से तीन महासमुंद जिले के, एक गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर का, दो ओडिशा के कालाहांडी जिले के, एक बलौदाबाजार-भाटापारा का और एक धमतरी जिले के कुरूद क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है।

#### पुलिस ने शुरू की तलाश

घटना की जानकारी मिलते ही बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका अर्पणा श्रीवास्तव ने तत्काल कोतवाली थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और शहर तथा आसपास के इलाकों में तुरंत सर्च अभियान शुरू कर दिया गया। पुलिस फरार बालकों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना से कुछ समय पहले रात ढाई बजे तक पुलिस की गश्त पार्टी वहां से गुजरी थी, और उसके महज आधे घंटे बाद ही यह घटना हो गई।

## घर के सामने खेल रहे बच्चे को टिप्पर ने रौंदा, मौत

**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के मांदर में सुबह लगभग 9 बजे रेत लोड कर मांदर मुख्य मार्ग से आ रही टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 17 केएन 2711 के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए घर के सामने खेल रहे हार्दिक पटेल पिता भूपेन्द्र पटेल 5 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में हार्दिक की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया और आवाजाही कर रहे वाहनों को रोक दिया गया।






### कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन, मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

## प्रदेशभर के पटवारी हड़ताल पर पदोन्नति और वेतन विसंगति दूर करने उठाई मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के पटवारी पदोन्नति और वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर सोमवार को हड़ताल पर रहे।राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पटवारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

- वरिष्ठता और विभागीय परीक्षा आधार पर प्राथमिकता 2013 के बाद से आज तक प्रमोशन नहीं

दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के पटवारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक दिवसीय प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की। राजधानी रायपुर में कलेक्टोरेट परिसर में जिले के पटवारियों ने राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति व परीक्षा के माध्यम से 50-50 फीसदी स्थान देने के साथ ही पदोन्नति की मांग प्रमुखता से उठाई।

पटवारी संघ के सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में राजस्व निरीक्षकों की बहुत कमी है, हमारी मांग है कि वरिष्ठता और विभागीय परीक्षा के आधार पर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। वर्ष 2013 के बाद से आज तक उनका प्रमोशन नहीं हुआ है। राजस्व पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप के मुताबिक, पदोन्नति की प्रक्रिया वर्षों से लंबित रहने तथा वेतन निर्धारण में गंभीर विसंगतियों के कारण प्रदेश के पटवारियों में व्यापक रूप से असंतोष व्याप्त है। इन समस्याओं का सीधा प्रभाव कर्मचारियों के मनोबल, उनकी कार्यकुशलता और प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पटवारियों की पदोन्नति के लिए कोई निश्चित समयसीमा निर्धारित नहीं है। इस कारण कई पटवारी सालों एक ही पद पर कार्य करते हुए उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते हैं। इसी तरह वेतन विसंगति का परीक्षण कर उसका शीघ्र व न्यायोचित निराकरण किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर प्रांत स्तर पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



## टाइगर की नई फिल्म की शूटिंग शुरू, डेब्यू को तैयार एल्विश

**मुंबई।** निर्देशक रेमो डिसूजा एक नई फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें लीड एक्टर के तौर पर टाइगर श्रॉफ होंगे। उनके साथ इस फिल्म में नुसरत भरूचा फीमेल लीड रोल में होंगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरूचा के बीच पहला ऑन-स्क्रीन कोलैबोरेशन है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म से एल्विश यादव बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। खबर यह भी है कि ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन भी इस फिल्म में नजर आएंगी। यह फिल्म आगाज एंटरटेनमेंट, वीजे फ्रेम फिल्म्स और इंसोम्निया फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट प्रोड्यूसर विक्की जैन के लिए भी एक बड़ा माइलस्टोन है।

## लाइफ Style

# दीया

### भूमिका की लंबाई नहीं, आधार होना चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दीया मिर्जा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो ब्रेक लेकर काम करना पसंद करती हैं। 2026 में वह अब तक 'अल्फा' और 'इक्का' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही उनका तीसरा प्रोजेक्ट वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' भी रिलीज होगा।

एक बातचीत में दीया ने अपने अभिनय के उतार-चढ़ाव पर रोशनी डाली। साथ ही बताया कि इन दिनों वह फिल्मों में छोटे रोल क्यों कर रही हैं। फिल्म 'इक्का' और 'अल्फा' में दीया का रोल काफी छोटा था। न्यूज 18 से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बारे में अपनी राय साझा की। दीया ने कहा, 'किसी कहानी का हिस्सा बनने का निर्णय कभी भी भूमिका की लंबाई के आधार पर नहीं लिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि इसका निर्धारण उस किरदार के अंदर की गहराई या सच्चाई के आधार पर होना चाहिए।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'अपने करियर के पहले पांच साल में मैं युवा और अनुभवहीन थी और खुद को समझने की कोशिश कर रही थी। हो सकता है कि मैंने कुछ बेहतरीन प्रोजेक्ट्स को इसलिए ठुकरा दिए हो क्योंकि उनमें स्क्रीन टाइम कम थीं। लेकिन अपने करियर के पिछले 20 साल में मैंने ऐसा कभी नहीं किया।' बताते चलें कि दीया मिर्जा 'ऑपरेशन सफेद सागर' में विंग कमांडर टोनी धनोआ की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। यह सीरीज 7 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इसका निर्देशन ओनी सेन ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



### दशकों बाद पढ़ी इतनी बेहतरीन स्क्रिप्ट

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता विन डीजल की 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी की संभावित आखिरी फिल्म अगले साल रिलीज होगी। विन ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा की। विन डीजल ने एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए फिल्म की स्क्रिप्ट पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी माइक लेस्ली की 'फास्ट फॉरएवर' की स्क्रिप्ट पढ़ी। यह बीते कई दशकों में सबसे बेहतरीन स्क्रिप्ट है, जो मैंने पढ़ी है। मैं अभी तक भावुक हूं।'

## अक्षय की झोली में आ गिरी नई फिल्म

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार हाल ही में कई फिल्मों में नजर आए हैं। जल्द ही वह 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। अब खबर है कि वह फरहान अख्तर की फिल्म में कैमियो करेंगे। अक्षय कुमार, नीरज पांडे के साथ पांचवीं बार एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों फिल्म स्पेशल 26, बेबी, टॉयलेट: एक प्रेम कथा और नाम शबाना में साथ काम कर चुके हैं। यह जोड़ी फिल्ममेकर की अगली फिल्म के लिए एक साथ आ रही है, जो आरडी बर्मन की बायोपिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरहान अख्तर



अपकमिंग फिल्म में बर्मन का किरदार निभाएंगे। भले ही अक्षय का रोल छोटा है, लेकिन वह बायोपिक का एक अहम हिस्सा होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और नीरज इस बायोपिक के लिए लगभग एक दशक बाद फिर से साथ आ रहे हैं। अक्षय को पांडे की फिल्म में रोल के लिए मनाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। अक्षय के रोल का कहानी में बहुत महत्व होगा। पांडे इस बायोपिक को डायरेक्ट कर रहे हैं और फरहान का एक्सेल एंटरटेनमेंट इस फीचर फिल्म को को-प्रोड्यूस कर रहा है।

## छोटा बच्चा जान के... अब नए अंदाज में

**मुंबई।** पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'ओह माय डॉग'जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म के मेकर्स ने इसका एक गाना 'छोटा बच्चा जान के' रिलीज किया है। यह एक चर्चित और पुराना गाना है, जिसे नए अंदाज में पेश किया गया है। ओह माय गॉड फेम निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग'कुछ दिनों में रिलीज होगी। 'छोटा बच्चा जान के' गाने को मॉडर्न ट्विस्ट दिया गया है। फिल्म की कहानी



बच्चों और डॉग की दोस्ती पर है तो गाने में भी बच्चे डांस रहे हैं, वहीं दो डॉग्स भी दिखाई दे रहे हैं। यह गाना टिप्स ने अपने यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म पर साझा किया है। फिल्म 'ओह माय डॉग'पहले 31 जुलाई को रिलीज हो रही थी, लेकिन बड़ी फिल्मों के आगे पर्याप्त थिएटर स्क्रीन ना मिलने के कारण मेकर्स ने इसे आगे बढ़ा दिया। अब यह फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## हैरी पॉटर 25 साल बाद भारत में होगी रि-रिलीज

**नई दिल्ली।** बच्चा, टीनेजर हो या बुजुर्ग सभी हैरी पॉटर के फैन हैं। 25 साल पहले आई इस सीरीज के 8 पार्ट आ चुके हैं और आठों का फैन हर कोई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हैरी पॉटर के आठ पार्ट ने 581 अरब की कमाई हासिल की थी। हैरी पॉटर बुक सीरीज की लेखिका जेके राउलिंग है। वहीं इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन को 2026 में 25 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे खास बनाने के लिए आईएमडीबी के मुताबिक फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 4 नवंबर 2001 में रिलीज हुई हैरी पॉटर के पहले पार्ट को भारत में फिर से रिलीज किया जाएगा। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

### जेनिफर ने साझा की हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** हिंदी टीवी के चर्चित अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने हाल ही में सिंगापुर में रहने वाले एक फाइनेंस



प्रोफेशनल ने शादी की है। अपनी हेल्दी सेरेमनी की तस्वीरें जेनिफर ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है। साथ ही एक भावुक पोस्ट भी लिखी है। साझा की गई तस्वीरों में जेनिफर हरे रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। वहीं उनके पति विलियम सफेद शेरवानी में दिखा आ रहे हैं। तस्वीरों में हेल्दी सेरेमनी के कई खूबसूरत पल कैद थे। इनमें जेनिफर दोस्तों के साथ डांस कर रही हैं। किसी तस्वीर में उनके गालों पर हल्दी लगी है। तो किसी फोटो में वह परिवार और करीबी लोगों के साथ फोटो क्लिक करवा रही हैं।

## दोनों बेटों के साथ पीरियड फिल्म प्लान कर रहे सनी निभाना चाहते हैं सम्राट अशोक का किरदार

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में पटना में प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट की योजना साझा की। इसके साथ ही एक्टर ने बताया कि वो इस फिल्म में अपने दोनों बेटों को भी शामिल करना चाहते हैं। पटना में फिल्म प्रमोशन के दौरान सनी से पूछा गया कि अब वो किस तरह का किरदार निभाने की इच्छा रखते हैं? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, 'सम्राट अशोक मेरे दिल के बहुत करीब हैं। राजकुमार संतोषी ने मुझे इसकी कहानी सुनाई है और चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी मुझे इस कहानी का नरेशन दिया है। मुझे यह भी विश्वास है कि मैं अपने दोनों बेटों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर सकता हूं, क्योंकि इसका एक विशाल इतिहास है।'



### ऐसी फिल्मों के लिए भारी बजट चाहिए

सनी ने इस प्रोजेक्ट के बारे में आगे कहा, 'ऐसी फिल्मों के लिए भारी बजट की जरूरत होती है। पहले मेरे पास ऐसी कोई फिल्म नहीं आई। हालांकि, 'गदर 2' के बाद हालात बेहतर हुए और मुझे उम्मीद है कि आगे और बेहतर होंगे। मैं जरूर एक ऐसी फिल्म बनाना चाहूंगा।' आपको बता दें कि शाहरुख खान इससे पहले साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'अशोका' में सम्राट अशोक का किरदार निभा चुके हैं। इससे पहले 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'सम्राट अशोक' में एनटीरामा राव ने अशोक और चाणक्य दोनों का किरदार निभाया था।

## टीवी मसाला

### शिवांगी- हर्षद की दोस्ती में पड़ी दरार लॉकअप 2 में जमकर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली।** हाल ही में रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में हर्षद चोपड़ा से शिवांगी जोशी नाराज हो गईं। इसकी वजह रियलिटी शो में खुद को बचाए रखना था। शिवांगी को अब तक सपोर्ट कर रहे हर्षद चोपड़ा ने खुद के खेल को अहमियत दी। इस वजह से शिवांगी को शो में नुकसान हुआ। बाद में फाइनलिस्ट श्रेया कालरा ने शिवांगी को शो से बाहर कर दिया। इन सभी बातों का असर शिवांगी और हर्षद चोपड़ा की दोस्ती पर पड़ा है। हर्षद चोपड़ा और शिवांगी एक टास्क कर रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच नोक-झोंक हुई। शिवांगी ने कमरे से बाहर जाने का फैसला लिया। लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि हर्षद चोपड़ा बाकी प्रतियोगियों को कहते थे कि वह शिवांगी के लिए पिछले टास्क में हारे थे। इस पर शिवांगी ने कहा कि वे दोनों खुद के लिए खेल रहे थे। इस बात को लेकर नाराजगी शिवांगी ने हर्षद चोपड़ा के सामने भी जाहिर की। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं। जल्द ही इस शो का फिनाले एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। अब तक शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना और आकांक्षा चौधरी शो से बाहर हो चुकी हैं। रियलिटी शो 'लॉक अप 2' को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर रहे हैं।



### वेब सीरीज चुंबक में कॉमेडी व ड्रामा का मिलेगा भरपूर डोज



**मुंबई।** नीना गुप्ता की सीरीज 'चुंबक' 28 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें मोहल्ले में आस-पड़ोस के घरों के बीच के पारिवारिक और आत्मीय रिश्तों को दिखाया जाएगा। पड़ोसी किस रह सुख और दुख में साथ देते हैं। सामान के आदान-प्रदान का सिलसिला कैसे चलता है? इसकी झलक दिलचस्प अंदाज में इस सीरीज में देखने को मिलेगी। नेटफ्लिक्स ने 'चुंबक' का दिलचस्प प्रोमो भी जारी किया है, जिसमें पूरी स्ट साथ नजर आ रही है। नीना गुप्ता कहती दिखी हैं, 'नेटफ्लिक्स फैमिली में एक और फैमिली जुड़ रही है। मिलिए 'चुंबक' परिवार से'। चर्चित अभिनेत्री नीना गुप्ता के अलावा इसमें देवेन भोजानी, अमायरा दस्तूर, अर्जुन बिजलानी, अनंत वी जोशी और हेली शाह समेत कई सितारे हैं। सीरीज 'चुम्बक' एक समकालीन शहरी भारतीय पड़ोस में स्थापित कल्चर को दिलचस्प अंदाज में पेश करेगी। पड़ोस का वह चलन, जहां कोई भी उत्सव छोटा नहीं होता है। कोई भी परेशानी कभी निजी नहीं रहती। राइटर-डायरेक्टर और को-प्रोड्यूसर आतिश कपाड़िया और प्रोड्यूसर जेडी मजेठिया 'चुंबक' को लेकर आ रहे हैं। इससे पहले इस जोड़ी ने कल्ट-क्लासिक्स 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'खिचड़ी' जैसे शो दिए हैं। सीरीज में एक अच्छे आस-पड़ोस वाली व्यवस्था को दिखाया जाएगा। यह उन लोगों के बारे में है, जो अक्सर बिना बुलाए घर आ जाते हैं। शुभचिंतक होते हैं। यह सीरीज याद दिलाती है कि परिवार हमेशा वह नहीं होता, जिसमें आप पैदा होते हैं। कभी-कभी वह भी होता है, जो ठीक बगल में रहता है।



चिंतन

# उपचुनाव में हार भाजपा के लिए आत्ममंथन का समय

उपचुनाव के नतीजे भले ही तीन विधानसभा सीटों तक सीमित हों, लेकिन इनके राजनीतिक संकेत इससे कहीं बड़े हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन सीटों में से भाजपा को दो पर हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात के मंजलपुर में पार्टी की जीत जरूर राहत देने वाली है, लेकिन बिहार की बांकीपुर और मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर मिली हार पर भाजपा को आत्ममंथन की जरूरत है। बिहार की बांकीपुर सीट भाजपा के लिए लंबे समय से मजबूत गढ़ रही है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन यहां से लगातार पांच बार विधायक रहे। उनके राज्यसभा जाने के बाद हुए उपचुनाव में पार्टी को पूरी उम्मीद थी कि उसका यह किला सुरक्षित रहेगा। खुद नवीन का यह कहना कि बांकीपुर से किसी को भी खड़ा कर दिया जाए, जीत तय है, पार्टी के आत्मविश्वास को दिखाता था, लेकिन जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इस किले में सेंध लगा दी। इससे भी बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार रेखा गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। यानी मुकाबले ने परंपरागत भाजपा बनाम आरजेडी समीकरण से बाहर निकलकर एक नया राजनीतिक संदेश दिया है। सवाल केवल बांकीपुर हारने का नहीं है। सवाल यह है कि क्या भाजपा अपने पुराने संगठनात्मक प्रभाव और पारंपरिक वोट बैंक के भरोसे जरूरत से ज्यादा आश्वस्त हो गई थी? बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार लंबे समय तक प्रशासनिक अनुभव और राज्य के बारीक समीकरणों को साधने वाले नेता रहे हैं। अब सत्ता के समीकरण बदलने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने अपनी राजनीतिक पकड़ और प्रशासनिक स्वीकार्यता साबित करने की चुनौती है। बांकीपुर का परिणाम इस चुनौती की ओर संकेत करता है। वहीं, मध्य प्रदेश की दतिया सीट का परिणाम तो भाजपा के लिए और भी असहज करने वाला है। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और टिकट के दावेदार भी थे। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें मैदान में नहीं उतारा और आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस ने सीट जीत ली। यहां एक और सवाल मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व से जुड़ता है। शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल में भाजपा ने जिस तरह संगठन, सरकार और जनता के बीच संवाद का तंत्र विकसित किया था, उसे बनाए रखना अब मोहन यादव सरकार की बड़ी चुनौती है। नेतृत्व बदलने के बाद जनता का मूड और संगठन की जमीन समझना आसान नहीं होता। उपचुनाव अक्सर इसी परीक्षा का पहला परिणाम देते हैं। इन नतीजों के बीच जेन जी आंदोलन के संभावित प्रभाव को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नई पीढ़ी के मतदाताओं के मुद्दे, बेरोजगारी, अवसर, शासन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे सवाल अब चुनावी विमर्श को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। भाजपा को यह समझना होगा कि युवा मतदाता केवल पुराने राजनीतिक समीकरणों के आधार पर वोट नहीं करता। चुनाव में संगठन जितना महत्वपूर्ण है, सही उम्मीदवार उतना ही निर्णायक होता है। दतिया में टिकट चयन पर उठे सवाल भाजपा को यह सोचने पर मजबूर करेंगे कि जमीनी लोकप्रियता और संगठन की पसंद के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। उपचुनाव सत्ता बदलने का जनादेश नहीं होते, लेकिन वे जनता के बदलते मिजाज की घंटी जरूर बजाते हैं। भाजपा के लिए संदेश साफ है गढ़ हमेशा के लिए गढ़ नहीं रहते, संगठन हमेशा चुनाव नहीं जिताता और पुराना समीकरण हमेशा काम नहीं करता।

# जेन-जी आंदोलन की दशा और दिशा



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

युवा ही किसी देश और समाज के राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बदलाव के ध्वज वाहक होते हैं। इन दिनों देश में जेन- जी यानि वह पीढ़ी जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है वह चर्चा के केंद्र में है। डिजिटल मीडिया के संग पली-बढ़ी इस पीढ़ी की रफ्तार काफी तेज है लेकिन इस दौड़ में उनका काफी कुछ पीछे छूट रहा है। दो मिनट में फटाफट 'मैगी' वाली इस पीढ़ी को किसी जानकारी के लिए किताब के पन्ने उलटने या दिमाग पर जोर लगाने की बजाय 'गूगल' करना सुकून पहुंचाता है। आज की पीढ़ी किसी उलझन से उबरने के लिए तरकीब सोचने की जगह तुरंत 'चैटबॉट' को अपनी समस्या सौंप देता है। इस इंस्टेंट पीढ़ी के लाइफ में रिलेशनशिप और ब्रेकअप भी फटाफट है।यह वह जेनरेशन है जो सड़कों पर लंबा संघर्ष की बजाय सोशल मीडिया पर रील्स और मीम्स के जरिए अपनी आवाज को सत्ता प्रतिष्ठान तक पहुंचाने का माद्दा रखता है। सत्ता से सवाल पूछने का जेन - जी की अपनी भाषा और अपना नजरिया है जिसने आंदोलनों के स्वरूप को बदल कर रख दिया है।

गौरतलब है कि डिजिटल मीडिया पर कुछ दिनों पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' के अगुवाई में दिल्ली में हाल में नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए हालिया प्रोटेस्ट को लेकर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बहस- मुबाहिसों का दौर जारी है। जेन- जी के इस आंदोलन में मीम्स और कार्टून की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसने तमाम मर्यादाओं को रौंद डाला। प्रोटेस्ट में शामिल अनेक गर्ल्स प्रोटेस्टर्स ने प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री के खिलाफ अत्यंत अश्लील और अभद्र भाषाओं का इस्तेमाल किया जिसे सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस प्रोटेस्ट में धार्मिक और जातिगत नारे भी लगे जिसके चलते विवाद की स्थितियां बनी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करने की चेतावनी दी जो अराजकता का परिचायक था। कुछेक प्रोटेस्टर्स को देश के टुकड़े - टुकड़े करने की दंभोक्ति करते हुए भी देखा गया। बेशक चंद युवाओं के इस बदजुबानी के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं जो देश के जेन जी को लगातार नेपाल और बांग्लादेश की तरह सड़कों पर उतरने के लिए उकसाते रहे हैं। इधर सोशल मीडिया पर कुछ यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, पत्रकार, लेखक - लेखिका और एक्टिविस्ट इन बदजुबान प्रोटेस्टर्स की भाषा और हरकतों को 'जस्टिफाई' करने में जुटे हैं लेकिन यह हर लिहाज से अस्वीकार्य है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता से असहमति और आंदोलन लोगों का मौलिक अधिकार है लेकिन प्रतिरोध की भाषा कभी भी अभद्र और हिंसात्मक नहीं हो सकती।



बहरहाल 'सीजेपी' का एक महीने से ज्यादा चला यह आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हो चुका है लेकिन इस प्रोटेस्ट ने जहां सत्ता की जड़ता को खत्म किया है वहीं सरकार को नयी पीढ़ी के साथ संवाद के लिए भी मजबूर किया है। दरअसल यह आंदोलन सिर्फ पेपर लीक को ही लेकर नहीं था बल्कि युवाओं के उन सवालों को लेकर भी था जिस पर सरकार और विपक्ष लगातार आंखें मूंदे हुए थी। जंतर-मंतर पर हुए इस प्रोटेस्ट के बाद सोशल मीडिया में यह भी बहस छिड़ी कि जिस आंदोलन को विपक्षी दलों को बहुत पहले करना था उसे सोशल मीडिया पर कुछ हफ्ते पहले पैदा हुई एक व्यंग्यात्मक पार्टी ने कर दिखाया। यह एक ऐसा आंदोलन था जिससे लोग स्व-स्फूर्त जुड़ते गए और सफलता के मुकाम तक पहुंच गया। बेशक यह सदियों पुरानी बनी राजनीतिक पार्टियों के लिए चिंतन का विषय है। हालिया परिदृश्य को देखें तो इसमें दोराय नहीं है कि आम छात्र और युवा दाखिला परीक्षाओं से लेकर नौकरी के लिए ली जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधलियों से बहुत ज्यादा आक्रोशित हैं। विडंबना है कि बीते सात सालों के दौरान 15 राज्यों में 70 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं फलस्वरूप 41 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा है। पर्चे फूटने की घटनाओं में नौकरी भर्ती परीक्षाओं के साथ ही बोर्ड परीक्षाएं भी शामिल हैं जिसका असर 1.7 करोड़ अभ्यर्थियों पर पड़ा।

अलबत्ता छात्रों और युवाओं के गुस्से का ही नतीजा था कि केंद्र सरकार ने चालू संसद सत्र में लोक परीक्षा ( अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 में आवश्यक संशोधन करते हुए जहां लोक परीक्षा ( अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 में आवश्यक संशोधन करते हुए पेपर लीक मामलों की त्वरित और समयबद्ध सुनवाई के फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का फैसला लिया है वहीं इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की सजा और 10 करोड़ जुर्माने का प्रावधान है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के तीन महीने के भीतर फैसला होना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रपति के मंजूरी के बाद यह कानून लागू हो गया है। इसके अलावा सरकार ने शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय उच्च स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी का गठन किया है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को फूल प्रूफ बनाने के साथ ही परीक्षाओं को पारदर्शी व तकनीक आधारित बनाने की है।

विचारणीय है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में कोई भी आंदोलन गैर राजनीतिक नहीं हो सकता। बात हालिया 'सीजेपी' के प्रोटेस्ट की करें तो पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने गैर राजनीतिक बताया था लेकिन बाद में आंदोलन की दिशा राजनीतिक हो गई। सत्ता प्रतिष्ठान ने शुरुआत में इस प्रदर्शन को काफी हल्के में लिया लेकिन पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल और पुलिस द्वारा उन्हें जबरिया अस्पताल में भर्ती करने के बाद यह आंदोलन देश के हर हिस्से में पहुंच गया। 'सीजेपी' के 20 जुलाई को दिल्ली में छात्रों और युवाओं के 'चलो संसद मार्च ' के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिसिया लाठी चार्ज और अश्रुगैस छोड़ने की घटना ने आग में घी का काम किया।

बहरहाल यह आंदोलन इक्कीसवीं सदी में हुए 2011और 2012 में हुए अन्ना आंदोलन और निर्भया आंदोलन के लिहाज से अलग तेवर लिए हुए था। भारत में सोशल मीडिया ने राजनीति और आंदोलन के क्षेत्र में पहली बार दस्तक 2009 के आम चुनाव के आसपास दी लेकिन 2011 और 2012 में हुए अन्ना और निर्भया आंदोलन में इसने अपना असर दिखाना शुरू किया। इन दोनों आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका छात्रों और युवाओं की रही तथा उन्होंने सोशल मीडिया का सफल प्रयोग आंदोलनों में किया। युवाओं ने फेसबुक और ट्विटर के जरिए अन्ना के अनशन और निर्भया के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के आक्रोश और पीड़ा को देश और दुनिया तक पहुंचाया। युवाओं के नवाचार का ही प्रभाव था कि लोगों ने पहली बार सरकारी नीतियों और राजनेताओं की सार्वजनिक आलोचना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर की जिसने एक मजबूत राजनीतिक नरेटिव तैयार किया। सोशल मीडिया से बने इस नरेटिव का ही असर था कि साल 2014 के आम चुनाव में यूपीए को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। देश ने इसी तरह का आंदोलन 1974 में सुप्रसिद्ध सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण 'जेपी' के अगुवाई में हुए छात्रों और युवाओं के आंदोलन के दौर में भी देखा था।

आंकड़ों के मुताबिक अगले आम चुनाव में 18 से 32 वर्ष की पीढ़ी की भागीदारी 25 फीसदी होगी यानी हर चौथा वोटर जेन-जी होगा। राजनीतिक पंडितों की मानें तो अगला चुनाव अब धर्म, जाति और लैंगिक तुष्टिकरण के आधार पर नहीं बल्कि शिक्षा, रोजगार, भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता और सरकार के प्रदर्शन और जवाबदेही पर निर्भर करेगी। नयी पीढ़ी के वोटर्स को अब पारंपरिक रैलियों और लच्छेदार भाषणों से लुभाया नहीं जा सकता बल्कि अब सोशल मीडिया, शार्ट वीडियो, पॉडकास्ट, इन्फ्लुएंसर्स नेटवर्क के जरिए संवाद करना होगा। सियासत में डिजिटल क्रांति के चलते ही अब तमाम राजनीतिक दलों ने सोशल मीडिया में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' के जरिए युवाओं से संवाद कर रहे हैं वहीं राजनीतिक दल भी युवाओं के लिए डिजिटल टीम, सोशल मीडिया कंटेंट और पॉडकास्ट इन्फ्लुएंसर्स बनाने में जुट गए हैं। सियासी दलों को इन तरकीबों के अलावा जेन - जी को राजनीति में भी हिस्सेदारी देनी होगी क्योंकि अब उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

आर्थिकी



ऋषभ मिश्रा

# भविष्य की मुद्रा व्यवस्था और भारत का पॉलीमर प्रयोग

भारत की अर्थव्यवस्था आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां एक ओर डिजिटल भुगतान क्रांति अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर नकदी का महत्व भी कम नहीं हुआ है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भुगतान प्रणाली को सरल, त्वरित और सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इसके बावजूद देश में नकदी की मांग लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2026 तक प्रचलन में मुद्रा का मूल्य लगभग 41.23 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। मुद्रा-से-जीडीपी अनुपात भी बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया है। यह तथ्य स्पष्ट संकेत देता है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के बावजूद नकदी भारतीय आर्थिक व्यवस्था की एक मजबूत आवश्यकता बनी हुई है। ऐसे समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पॉलीमर अथवा प्लास्टिक नोटों को अपनाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) ने ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीटों की आपूर्ति के लिए वैश्विक निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारतीय मुद्रा व्यवस्था में संभावित ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। यदि यह योजना सफल होती है तो आने वाले वर्षों में भारतीय मुद्रा की संरचना, सुरक्षा और टिकाऊपन में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। वस्तुतः भारत में नकदी का उपयोग केवल भुगतान का माध्यम नहीं है, बल्कि आर्थिक विश्वास और सामाजिक व्यवहार का हिस्सा भी है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे व्यापारियों, कृषि क्षेत्र तथा असंगठित अर्थव्यवस्था में आज भी नकदी प्रमुख भूमिका निभाती है। देश की विशाल आबादी का एक बड़ा वर्ग अभी भी नकद लेन-देन को अधिक सहज और विश्वसनीय मानता है। नकदी की बढ़ती मांग के साथ नोटों की छपाई और रख-रखाव पर होने वाला व्यय भी लगातार बढ़ता रहा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में नोट फटने, गंदे होने, नमी से खराब होने तथा अत्यधिक उपयोग के कारण अनुपयोगी हो जाते हैं। इन नोटों को बदलने के लिए नए नोट छापने पड़ते हैं, जिससे सरकार और आरबीआई पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। भारत जैसे विशाल देश में जहां अरबों नोट प्रचलन में हैं, वहां मुद्रा की टिकाऊपन बढ़ाना आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन जाता है। इसी संदर्भ में पॉलीमर नोट एक प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आए हैं। गौरतलब है कि पॉलीमर नोट विशेष प्रकार के प्लास्टिक आधारित पदार्थ से निर्मित किए जाते हैं। सामान्य कागजी नोट जहां कपास आधारित विशेष कागज से बनाए जाते हैं, वहीं पॉलीमर नोट अत्यधिक मजबूत और लचीले प्लास्टिक सब्सट्रेट पर मुद्रित होते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता इनकी दीर्घायु है। विशेषज्ञों के अनुसार पॉलीमर नोटों की आयु पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में दो से चार गुना अधिक होती है। ये पानी, नमी, धूल, तेल, पसीने तथा बार-बार मोड़े जाने से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होते हैं। भारत की जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए यह विशेषता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी, आर्द्रता, मानसून और धूल जैसी परिस्थितियां सामान्य हैं। ऐसे वातावरण में कागजी नोट अपेक्षाकृत जल्दी खराब हो जाते हैं। पॉलीमर नोट इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही पॉलीमर नोटों का दूसरा महत्वपूर्ण लाभ सुरक्षा से जुड़ा है। नकली मुद्रा भारत की आर्थिक सुरक्षा के लिए लंबे समय से एक चुनौती रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.3 लाख नकली नोटों की पहचान की गई थी। यद्यपि यह संख्या कुल प्रचलित नोटों की तुलना में बहुत कम है, फिर भी इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पॉलीमर नोटों में ऐसे कई उन्नत सुरक्षा फीचर जोड़े जा सकते हैं जिनकी नकल करना अत्यंत कठिन होता है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अनुभव बताते हैं कि पॉलीमर नोटों के प्रचलन से नकली मुद्रा के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यदि आरबीआई और सरकार चरणबद्ध तरीके से इस योजना को लागू करते हैं, तो भारत भी उन अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल हो सकता है जिन्होंने अपनी मुद्रा प्रणाली को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सफलतापूर्वक रूपांतरित किया है। निस्संदेह, प्लास्टिक नोट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए केवल एक नया प्रयोग नहीं, बल्कि वित्तीय आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हो सकते हैं

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को मिला है देवता का दर्जा



संकलित

दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला- शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी**

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- प्रशांत शुक्ला, भिलाई*

## नशामुक्त यूथ, नशामुक्त विकसित भारत

युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त होंगे, तभी भारत एक सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बन सकेगा।' आज भारत विश्व का सबसे युवा देशों में से एक है। करोड़ों युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल, विज्ञान और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और राष्ट्र के सामने एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे देश को प्रभावित करता है। सिगरेट, तंबाकू, शराब, गुटखा, ई-सिगरेट तथा अन्य नशीले पदार्थ धीरे-धीरे शरीर को कमजोर करते हैं, मानसिक क्षमता को कम करते हैं और व्यक्ति के आत्मविश्वास तथा निर्णय लेने की शक्ति को प्रभावित करते हैं। 'हमारे पास संगी मितान नशा मुक्ति केंद्र' में ऐसे गंभीर नशे से पीड़ित बच्चे युवा आते हैं कि नशे की लत उनकी पढ़ाई छूटने, बेरोजगारी, आर्थिक संकट, अपराध और पारिवारिक विघटन का कारण भी बन जाती है। इस प्रक्रिया में प्रभावित मरीजों के नजरों में जो उसे नशा छोड़ने की बात करते है वहीं उनके सबसे बड़े दुश्मन बन जाते हैं।

कॉलेज और युवा अवस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इसी समय भविष्य की नींव रखी जाती है। दुर्भाग्य से कुछ युवा फैशन, जिज्ञासा, तनाव या दोस्तों के दबाव में नशे की शुरुआत कर देते हैं। यह एक छोटी-सी गलती जीवनभर का पछतावा बन सकती है। इसलिए हर युवा को यह समझना होगा कि नशा आधुनिकता नहीं, बल्कि आत्मविनाश की शुरुआत है। अपने परिजनों एवं अन्य माननीय जो आपके शुभचिंतक हैं उनकी बातों पर शांति से सोच समझकर अपनी गलतियों पर तत्काल रोक लगायें अन्यथा वर्तमान आपका भविष्य बर्बाद कर देगा। नशामुक्त जीवन का अर्थ केवल नशे से दूर रहना नहीं है, बल्कि सकारात्मक सोच, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। नियमित व्यायाम, खेल, योग, ध्यान, पुस्तक पढ़ना, सामाजिक सेवा, परिवार के साथ समय बिताना और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना युवाओं को सही दिशा देता है। नशामुक्त भारत का सपना केवल सरकार या किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। परिवार, विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षक, सामाजिक संगठन और स्वयं युवा-सभी को मिलकर जागरूक होकर सामाजिक विकास और सुधार की प्रक्रिया में निरंतर शामिल रहकर जीवन का मूलमंत्र बनाए "दूसरों को भी इस जहर की जद से बचाएँ'

*-ममता शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष संगी मितान सेवा संस्थान नशा मुक्ति केंद्र*

## करंट अफेयर

# आंग सान सू ची से रेड क्रॉस के प्रतिनिधि ने मुलाकात की



म्यांमा की पूर्व नेता आंग सान सू ची से अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के प्रतिनिधि ने सोमवार को राजधानी में मुलाकात की। सैन्य समर्थित सरकार ने यह जानकारी दी। वर्ष 2021 में सेना द्वारा सत्ता अपने हाथ में लिये जाने के बाद से सू ची 'नजरबंद' हैं, ऐसे में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के लिए बाहरी दुनिया से संपर्क का यह एक दुर्लभ अवसर रहा। घोषणा के साथ जारी दो तस्वीरों में सू ची म्यांमा में आईसीआरसी के प्रतिनिधि अरनॉड डी बैक से हाथ मिलाती तथा लकड़ी की आंतरिक सज्जा वाले कक्ष में उनके साथ बातचीत करती दिखाई दे रही हैं। तस्वीरें जारी करने वाले राष्ट्रपति प्रेस एवं सूचना ब्यूरो ने बताया कि यह बैठक सोमवार सुबह हुई। हालांकि, ब्यूरो ने बैठक के स्थान और बातचीत के विषय में कोई जानकारी नहीं दी। जारी की गई दो अन्य तस्वीरों में सू ची केक काटती नजर आ रही हैं। केक पर 'हेपी बर्थ डे आंटी सू, 19-6-2026' लिखा है। इससे संकेत मिलता है कि ये तस्वीरें जून में उनके 81वें जन्मदिन के अवसर पर ली गई होंगी। तस्वीरों में सू ची सहज और मुस्कुराती दिखाई दे रही हैं। वे किसी प्रकार से अस्वस्थ भी नहीं लग रही हैं। हालांकि, केवल तस्वीरों के आधार पर उनकी वास्तविक शारीरिक स्थिति का स्वतंत्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता।

## ऑफ बीट

# बच्चों को जेब खर्च देने का नफा-नुकसान



जब मैं छोटा था, तब मेरे साथ के कई बच्चे जेब खर्च निकालने के लिए पड़ोसियों के शिशुओं की देखभाल करने, उनके बगीचे में घास काटने, कुत्तों को टहलाने या गाड़ियां धोने जैसे काम किया करते थे। मगर आज बच्चों के लिए भुगतान ऐप, खर्च पर नजर रखने वाले साधनों और ऐसी अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के चलते तस्वीर काफी बदल गई है। इसके बावजूद बच्चों को जेब खर्च दिए जाने के मामले में आज भी कुछ ऐसे पुराने सवाल शामिल हैं, जिनमें मुझ जैसे व्यवहारिक अर्थशास्त्रियों को दिलचस्पी है। क्या बच्चों को पैसे कमाने के वास्ते मेहनत करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जैसे कि पड़ोसियों के घर का कोई काम? या फिर घर के कामों में मदद के बदले भी उन्हें पैसे दिए जाने चाहिए? अगर हम बच्चों को उनके घरेलू कामों के बदले पैसे देते हैं, तो क्या इससे उनमें बिना किसी स्वार्थ के मदद करने के बजाय पैसे को ज्यादा अहमियत देने की आदत विकसित होने का खतरा है। यह धारणा नयी नहीं है कि किसी काम के लिए पैसे देने से व्यक्ति में उस काम को करने की अंदरूनी (स्वतंत्र और स्वाभाविक) प्रेरणा कम या खत्म हो सकती है। इस बात के मिले-जुले प्रमाण हैं कि क्या पैसे देने से व्यक्ति की अंदरूनी प्रेरणा कम हो जाती है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# रिजिजू ने कहा- चर्चा से भाग रहा है विपक्ष खड़गे ने पीएम, गृहमंत्री पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





संसद के मानसून सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच टकराव लगातार जारी है। संसद की कार्यवाही अब तक एक भी दिन नहीं चल सकी। एक ओर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने विपक्ष पर महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा से दूरी बनाने का आरोप लगाया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार से संसद में जवाब मांगा। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सदन में अनुपस्थिति पर सवाल उठाये। सदन में आकर उन्हें जवाब देना चाहिए। संसद परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए किरण रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पारित किया गया, लेकिन विपक्ष के किसी भी सदस्य ने इस पर चर्चा में भाग नहीं लिया।

## सरकार को सदन में देना चाहिए बयान

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष की नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ हुई कथित पुलिस कार्रवाई पर सरकार को सदन में बयान देना चाहिए। खड़गे ने मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद में आकर इस पूरे मामले पर विस्तृत वक्तव्य दें और स्पष्ट करें कि छात्रों के साथ कथित तौर पर क्या कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार से जवाब चाहता है क्योंकि यह छात्रों और युवाओं से जुड़ा गंभीर विषय है।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को जारी किया है दिशा-निर्देश

# सड़क पर न हो कोई कब्जा, पैदल चलने वालों को मिले जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश में जहां भी सड़कें हैं, वहां पैदल चलने वालों के लिए अलग जगह तय होनी चाहिए। इस जगह पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस काम के लिए किसी बड़े बजट या निर्माण की जरूरत नहीं है। सरकार रस्सी या किसी अन्य तरीके से भी पैदल चलने वालों के लिए रास्ता अलग कर सकती है। बस यह सुनिश्चित किया जाए कि गाड़ियां उस रास्ते में न आएं। कोर्ट ने केंद्र को इस पर कदम उठाने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। कोर्ट का कहना है कि पैदल यात्रियों में यह भरोसा होना चाहिए कि वे गाड़ियों के डर के बिना आराम से चल सकते हैं।

## फुटपाथ पर चलना है मौलिक अधिकार

इससे पहले 19 जून को सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि साफ और सुरक्षित फुटपाथ पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। यह अधिकार अनुच्छेद 19(1)(**d**) के तहत मिलने वाली घूमने-फिरने की आजादी और अनुच्छेद 21 के तहत मिलने वाले जीवन के अधिकार का हिस्सा है। कोर्ट ने माना कि फुटपाथ पर पहला अधिकार गाड़ियों का नहीं, बल्कि पैदल चलने वालों का है।

## पैदल चालकों में आना चाहिए भरोसा

बेंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल से कहा, बिना किसी बड़े इन्वेस्टमेंट और कंस्ट्रक्शन के बस यह पक्का करें कि पैदल चलने वालों की जगह का सही सीमांकन किया जाए। बेंच ने उन्हें अधिकारियों को निर्देश देने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि पैदल चलने वालों को भरोसा होना चाहिए कि यह जगह उनके लिए है और वे चलती गाड़ियों के किसी भी खतरे के बिना आजादी से चल सकते हैं। टॉप कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद तय की है।

**पहले भी दिया था फैसला** : 19 जून को एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि तय किए गए फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। कोर्ट ने कहा था कि तय किए गए रास्तों पर मोटर गाड़ियों के मुकाबले इस अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पाकिस्तान ने एलओसी पर तैनात की चीन की होवित्जर तोपें

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के ठीक एक साल पूरा होने के बाद पाकिस्तान की भारत के खिलाफ की गई एक और नापाक हरकत उजागर हुई है। जिसमें यह जानकारी सामने आ रही है कि दुश्मन देश ने भारत से लगी हुई अपनी एक महत्वपूर्ण सीमा पर चीन से खरीदी हुई लंबी दूरी तक मार करने वाली लगभग 200 से अधिक 'एसएच-15 155एमएम/52 कैलिबर ट्रक माउंटेड सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी सिस्टम' यानी होवित्जर तोपें तैनात कर दी हैं। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो पाक की यह तैनाती भारत के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से चुनौती बन सकती है।

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़।
–: सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 385376 में प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–RDSD/RAMGARH/10/2026-27 (Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II) निविदा प्रकाशन की तिथि को कारणवश संसोधित किया जाता है। विवरणी निम्नवत्:–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 04.08.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.08.2026 से 11.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.08..2026 अपराह्न 02:00 बजे।
4. कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह के स्थान पर 12 (बारह) माह समझा जाय।

शेष सभी यथावत् है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 386558 Rural Work Department(26-27)D

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्रमांक /651/न.पा.प./ लो.नि.वि/2026-27 खरसिया, दिनांक 3/08/26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. Bid Start Date :– 03-08-2026 Time 5.30 PM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :– 19-08-2026 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :– 21-08-2026 Time 5.30 PM
4. Bid Open Date :– 24-08-2026 Time 11.00 AM

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी. आर के रुप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 196667 | वार्ड क्र. 16 मेन रोड (डभरा रोड) न्यूगबेल टेलर्स से बंघवा तालाब तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 11.06 | 8500.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् खरसिया

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला सुकमा (छ.ग.)
Phone & Fax No.:- 07864-284666, E-Mail : - actwd.cgsukma@gmail.com

ई-निविदा सूचना क्रमांक-04

क्रमांक/ LAND-43023/127/2026 - TRIBAL SKM CONSTR SEC सुकमा, दिनांक 30/07/2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित एस. ओ. आर. दर 01.01.2015 से जो लागू है दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निम्नदर्शित कार्यों के सम्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल पर Bid Submission की अंतिम तिथि 21.08.2026 है।

| क्र. | टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 196501 | बालक आश्रम बण्डा में मेजर कार्य | 28.00 | 28000 | 1500 | 03 माह | "डी" या उच्च वर्ग |
| 2 | 196502 | बालक आश्रम करीगुण्ड में मेजर कार्य | 25.34 | 25300 | 1500 | 03 माह | |
| 3 | 196503 | बालक आश्रम कोयाबेकूर में मेजर कार्य | 20.00 | 20000 | 1500 | 03 माह | |
| 4 | 196504 | बालक आश्रम मुलागुड़ा में मेजर कार्य | 12.00 | 12000 | 1500 | 03 माह | |
| 5 | 196505 | बालक आश्रम किस्टाराम में मेजर कार्य | 20.00 | 20000 | 1500 | 03 माह | |
| 6 | 196506 | बालक आश्रम पोंगाभेज्जी में मेजर कार्य | 17.00 | 17000 | 1500 | 03 माह | |
| 7 | 196507 | बालक आश्रम पेदाकुर्ती में मेजर कार्य | 27.00 | 27000 | 1500 | 03 माह | |
| 8 | 196508 | बालक आश्रम राजामुण्डा में मेजर कार्य | 25.00 | 25000 | 1500 | 03 माह | |
| 9 | 196509 | बालक आश्रम सामसट्टी में मेजर कार्य | 12.00 | 12000 | 1500 | 03 माह | |
| 10 | 196510 | बालक आश्रम उरमापाल में मेजर कार्य | 18.00 | 18000 | 1500 | 03 माह | |
| 11 | 196511 | बालक आश्रम नीलावरम में मेजर कार्य | 12.50 | 12500 | 1500 | 03 माह | |
| 12 | 196512 | बालक आश्रम नामापारा में मेजर कार्य | 30.00 | 30000 | 1500 | 03 माह | |
| 13 | 196513 | कन्या आश्रम ढ़ोंढरा में मेजर कार्य | 15.00 | 15000 | 1500 | 03 माह | |
| 14 | 196514 | कन्या आश्रम मिलमपल्ली में मेजर कार्य | 25.00 | 25000 | 1500 | 03 माह | |
| 15 | 196500 | कन्या आश्रम चिंतलनार में मेजर कार्य | 25.49 | 25500 | 1500 | 03 माह | |
| 16 | 196516 | कन्या आश्रम चिकपाल में मेजर कार्य | 26.50 | 26500 | 1500 | 03 माह | |
| 17 | 196517 | कन्या आश्रम सोनाकुकानार में मेजर कार्य | 12.50 | 12500 | 1500 | 03 माह | |
| 18 | 196518 | कन्या आश्रम दरभागुड़ा में मेजर कार्य | 26.00 | 26000 | 1500 | 03 माह | |
| 19 | 196519 | कन्या आश्रम दुब्बाटोटा में मेजर कार्य | 26.99 | 27000 | 1500 | 03 माह | |
| 20 | 196520 | कन्या आश्रम तालनार में मेजर कार्य | 49.00 | 49000 | 1500 | 03 माह | |
| 21 | 196521 | कन्या आश्रम गोंदपल्ली में मेजर कार्य | 11.00 | 11000 | 1500 | 03 माह | |
| 22 | 196522 | प्री मे. बा. छा. गादीरास में मेजर कार्य | 19.50 | 19500 | 1500 | 03 माह | |
| 23 | 196523 | प्री मे. क. छा. झापरा में मेजर कार्य | 13.00 | 13000 | 1500 | 03 माह | |
| 24 | 196524 | प्री मे.क.छा. कुमाकोलेंग में मेजर कार्य | 17.00 | 17000 | 1500 | 03 माह | |
| 25 | 196525 | प्री मे. क. छा. गादीरास में मेजर कार्य | 41.00 | 41000 | 1500 | 03 माह | |
| 01 | ई-निविदा प्रारंभ तिथि | | | दिनांक 31.07.2026 | | | |
| 02 | निविदा की अंतिम तिथि (ऑनलाईन बीड सब्मीशन) | | | दिनांक 21.08.2026, समय 05:30 pm | | | |
| 03 | निविदा हेतु चालान, अमानत राशि एवं दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि | | | दिनांक 26.08.2026, समय 05:30 pm | | | |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | | | दिनांक 27.08.2026, समय 11:00 am से | | | |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in/ तथा इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सुकमा

G-262702522/3

## 19 ने ली शपथ, 11 नए चेहरे और पुराने 8 मंत्री भी शामिल

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार में 19 नए मंत्रियों को शामिल किया गया। सीएम डीके शिवकुमार ने पद संभालने के दो महीने बाद अपनी कैबिनेट का विस्तार करते हुए इसे पूरी क्षमता तक पहुंचाया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी के बाद बेंगलुरु के लोक भवन में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। शपथ लेने वालों में पीएम नरेंद्रस्वामी, शिवराज तंगदागी, रुद्रप्पा लमानी, केएस बसवंतप्पा, बी नागेंद्र, टी रघुमूर्ति, बीजेड जमीर अहमद खान, रिजवान अरशद, संतोष लाड, मधु बंगारप्पा, पुत्तुरांगशेट्टी, एसएस मल्लिकार्जुन, डॉ. अजय सिंह, एन चालुवरया स्वामी, केएम शिवालिंगे गौड़ा, एचसी बालकृष्ण, गायत्री शांथेगौड़ा, बसवराज, रायरेड्डी, विजयानंद कशप्पनवर और लक्ष्मण सावदी शामिल थे। इस नई सूची में 11 नए चेहरों को मौका मिला है, जबकि 8 मौजूदा मंत्रियों को दोबारा मंत्रिमंडल में जगह दी गई है।

## अदालत परिसर पर सेना का ड्रोन हमला, 35 की मौत

**काहिरा।** सूडान के दारफुर इलाके में एक दीवानी अदालत पर सेना के ड्रोन हमले में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। सूडान में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों का रिकॉर्ड रखने वाले स्वतंत्र समूह 'इमरजेंसी लॉयर्स' ने रविवार दोपहर बताया कि सूडानी सेना के ड्रोन ने उत्तर दारफुर के अल-जविया गारा गांव में दिवानी अदालत के मुख्यालय को निशाना बनाया, 'जो इलाके में अहम न्यायिक और सामाजिक सेवा प्रदान करता है।' 'इमरजेंसी लॉयर्स' ने हमले की जांच की मांग की। उसने एक बयान में कहा, 'आम नागरिकों और असैन्य ठिकानों पर हमले करना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है।'

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र.-1, रायपुर, (छ.ग.)

::: निविदा निरस्तीकरण आदेश :::

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 12.06.2026 सिस्टम निविदा क्र. 193185 द्वारा "**रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के जल संसाधन विभाग के शांति नगर कालोनी मिट्टी परीक्षण केन्द्र के पीछे मरीन ड्राईव के पास रिक्त भूमि पर कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर एवं अन्य भवनों का निर्माण कार्य तथा आई. टाईप भवनों का जीर्णोद्धार का कार्य**" (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 311.85 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में एक ही निविदाकार द्वारा भाग लेने के कारण निविदा निरस्त किया जाता हैं।

अतः आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक 193185 निविदा सूचना क्रमांक 08/ व.ले.लि./ 2026-27 दिनांक 12.06.2026 (**G-No 262701468 Dated 16.06.2026**) को एतद् द्वारा निरस्त की जाती हैं।

सहपत्र :- शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र.-1,
रायपुर (छ.ग.)

G-262702520/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

:: ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय बार (क्र.-02) ::

क्रमांक / 840 / निविदा/ग्रा.यां.सेवा / 2026-27 दन्तेवाड़ा दिनांक- 30/07/2026

1. एकीकृत पंजीकरण प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा दिनांक 16/08/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| प्रशिक्षण एवं कौशल विकास केन्द्र का निर्माण कार्य दन्तेवाड़ा (बोर खनन-पम्प, वाटर हार्वेस्टिंग, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित) | 165.50 लाख | दिनांक 19/08/2026 शाम 5.00 बजे तक |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 06/08/2026 से 16/08/2026 तक देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-262702503/3

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. 0771-2535780,90, फैक्स. 0771-2227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 2901/ RMC/ PMAY-HFA /2026 रायपुर दिनांक 03.08.2026

// प्रेस विज्ञप्ति //

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के घटक "**भागीदारी में किफायती आवास**" (ए.एच.पी.) अंतर्गत निर्मित होने वाले नॉन स्लम परियोजनाओं में विज्ञापन क्रमांक 01/2026 दिनांक 30.06.2026 जारी कर कुल 13 स्थलों के लिए 2616 मकानों के आबंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.07.2026 सायं 5.30 बजे तक कुल 5841 आवेदन प्राप्त हुये है। जारी विज्ञापन अनुसार प्रारंभिक पात्र/अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन दिनांक 20.07.2026 तक किया जाना था। विज्ञापित आवासों से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण वर्तमान में निम्नानुसार 04 परियोजनाओं की प्रारंभिक पात्र/अपात्र सूची नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट लिंक **https://nagarnigamprojects.in/PMAY/site/index** में तथा नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय के भूतल पर स्थित सूचना पटल में जनसामान्य के अवलोकन हेतु चस्पा कर प्रकाशित की गयी है।

**प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किये गये 04 परियोजनाओं से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:-**

| सं. क्र. | परियोजना का नाम / परियोजना स्थल में आबंटन हेतु उपलब्ध आवास | प्राप्त आवेदन | पात्र | अपात्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 320 Dus Near Bhawani Nagar, Labhandi-Jora | 208 | 92 | 116 |
| 2 | 720 Dus Near Capital Homes, Saddu | 276 | 124 | 152 |
| 3 | 56 Dus Suraj Nagar, Labhandi | 443 | 218 | 225 |
| 4 | 140 Dus Near Sapphire Greens, Amaseoni | 465 | 250 | 215 |

उक्त परियोजनाओं के समस्त आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि, अपनी पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी, नगर पालिक निगम, रायपुर के उपरोक्त उल्लेखित लिंक में जाकर अपने पंजीकृत मोबाईल नम्बर का उपयोग करते हुवे "**आवेदक लॉगिन करे**" में, लॉगिन कर प्राप्त कर सकते है।

इसके साथ ही वेबसाईट में उक्त जारी सूची में किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर मुख्यालय के भूतल में स्थित **Reception Counter** / पूछताछ केन्द्र में लिखित रूप से अपनी दावा-आपत्ति, दिनांक 10.08.2026 तक (कार्यालयीन दिवस) कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा-आँपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष परियोजनाओं हेतु पृथक से पत्र एवं सूची जारी की जावेगी।

अपर आयुक्त,
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender following work:
**NIT No.: 32/10FC /EEC/CE/NRANVP/2025-27,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated:29.07.2026**
Name of Work: "**Construction & Development of 10 Nos Facility Center, Bus Shelter, Auto Stand and E-Charging Station at Various Location of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)**
Estimated cost: **INR 5.50 Crs.** , EMD: **INR 5.50 Lakhs**, Period of Completion: **12 Months**
Last Time & Date of Online Submission: **15:00 hrs on 19.08.2026.**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

Chief Engineer
NRANVP

S-48638/1

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

**NIT NO: 19/ZONE 08/2026** **RAIPUR DATED : 03/08/2026**

Online bids are invited for the following works up to 25/08/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 196659 | महादेव घाट में मूर्ति विसर्जन कार्य एवं कुण्ड की सफाई कराये जाने हेतु क्रेन व्यवस्था कार्य। | 41.87 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 03/08/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ई्श्तहार

**रा.प्र. क्रमांक / अ-59/2025-2026**
**ग्राम-उरकुरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**रायपुर, दिनांक 31/07/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उरकुरा क्षेत्र में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हेतु भूमि आबंटन औद्योगिक क्षेत्र उरला में औद्योगिक विस्तार दिन प्रतिदिन बढ़ने के कारण वर्तमान स्थापित उपकेन्द्रो में विद्युत भार बढ़ता भार बढ़ता जा रहा है जिसके कारण नये 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का निर्माण आवश्यक है। इस हेतु खसरा नंबर 289/1 उपयुक्त पाया गया है। इसलिए उरकुरा क्षेत्र में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हेतु खसरा नंबर 289 / 1 रकबा 0.5370 हे. में से 40 मी. x 40 मी. भाग का आबंटन कराने हेतु भूमि को चिन्हांकित करवा लिया गया है। उक्त भूमि का आबंटन का आबंटन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हेतु कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे. पा.डि.क.लिमि. उरला के नाम करने हेतु इस न्यायालय को है प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 11/08/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

मुहर

## न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग)

ई्श्तहार

**रा.मा.क्र./ /वर्ष 2025-26**
**ग्राम. सरोरा प.ह.नं. 89**
**रा.नि.मं. रायपुर - 17 बीरगांव**
**तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**धरसींवा, दिनांक 26/06/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक संस्था छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड रायपुर का पत्र क्रमांक 051/5000 / कार्य / 380 उरला, दिनांक 14.05.2026 के द्वारा ग्राम सरोरा प.ह.न. 00089 रा.नि.म. रायपुर -17 तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 217/1 रकबा 23.3590 हे. में से 40 मी. x 40 मी. भूमि को 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र निर्माण के लिए भूमि आबंटन किये जाने हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय रायपुर के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/07/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 26/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

S-48629/1 मुहर

## महाराष्ट्र शासन
## सार्वजनिक बांधकाम विभाग
## कार्यकारी अभियंता (विद्युत) यांचे कार्यालय
## सा.बां. परिसर, जालना रोड छत्रपती संभाजीनगर
E mail :- elauranagabad.ee@gmail.com, elaurangabad.ee@mahapwd.gov.in

**दरपत्रके मागविण्याबाबतची सूचना क्र. 06 सन 2026-27**

**कार्यकारी अभियंता, सा.बां. परिसर, जालना रोड छत्रपती संभाजीनगर हे खालील कामांसाठी / विविध सहित्यांसाठी अंदाजपत्रके / दर अनुसूची तयार करण्यासाठी साहित्य विक्रेते / डिलर्स / उद्योजक तसेच अनुभवी अभिकरणाकडून स्पर्धात्मक दर मागवित आहे.**

**सदर दरपत्रके http://www.mahatender gov.in या संकेत स्थळावर दि. 04.08.2026 ते दि. 11.08.2026 रोजी 17.30 वाजेपर्यत Online पद्धतीने सादर करावे. किंव्हा कार्यालीन वेळेत कार्यकारी अभियंता, सा. बां. परिसर, जालना रोड छत्रपती संभाजीनगर येथे दरपत्रके सादर करावे. सदर दरपत्रके शक्यतो दि. 14.08.2026 रोजी सकाळी 11.00 वाजता उघडण्यात येतील. सदर बाबींचे तांत्रिक तपशील वरील संकेत स्थळावर व या कार्यालयात उपलब्ध राहतील. अटी व शर्ती असलेले दरपत्रके स्वीकारली जाणार नाही.**

Providing Internal Electrification, External Electrification, Firefighting system, CCTV system, Street lights, LAN & Telephone system, Water pumps, Solar roof top system for the proposed Construction of 200 bedded women's hospital,New born Child care center & Residential quarters at csn Tq & Dist. CSN..
Note: Please visit to http://www.mahatender gov.in notice inviting tender page for detail item description

**अटी :-**
**१. दरपत्रके सीलबंद पाकीटात व कंपनीच्या नाममुद्रीत पत्रावर सादर करावीत वर नमुद केलेल्या दिनांक व वेळेनंतर दरपत्रके ग्वीकारण्यात येणार नाहीत.**
**२. नमुद केलेले दर हे ९० दिवस गाह्य गहतील.**
**३. कोणतेही दरपत्रक कोणतेही कारण न देता नामंजुर करण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता यांनी राखून ठेवलेला आहे.**
**४. वरील दर भरताना जी. एस. टी. दर वगळुण नमुद कराया अंदाजीत रक्कमेवर नमुद केलेल्या दरानुमार आलेल्या रक्कमेवर १८% नुसार जी.एम.टी. देय गहील.**

SD/-
कार्यकारी अभियंता
सा. बां. विद्युत विभाग,
छत्रपती संभाजीनगर

**जा.क्र. काअविछसं/निविदा/२८२०/सन-२०२६-२०२७**
**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,**
**सा. बां. विद्युत विभाग, राज पेट्रोल पंपासमोर,**
**छत्रपती संभाजीनगर. दि.३०/८/२०२६**

DGIPR No-2026-27/2062

## समाहरणालय, सारण।
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

बिहार सरकार

अधिहरित (Confiscated) वाहनों के सार्वजनिक नीलामी हेतु अति अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सारण जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) के अधीन विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता सह जिला दण्डाधिकारी,सारण के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किये गये अधोलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (**Public Auction**) "**जहाँ है, जैसे है**" के रूप में अपर समाहर्त्ता (विभागीय जॉच), सारण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा **प्रथम नीलामी दिनांक–24.08.2026 एवं आवश्यकतानुसार उसके अगले दिन तथा द्वितीय नीलामी दिनांकः– 27.08.2026 एवं तृतीय नीलामी दिनांक–31.08.2026 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, समाहरणालय सारण में सम्पन्न की जायेगी**। इच्छुक आवेदक/आवेदिका उक्त आलोक में विहित शर्तो एवं बंधेजो के साथ उक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी में भाग ले सकते है।

नीलामी हेतु वाहनों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | राज्यसात वाहन के अभिरक्षा का स्थान | अधिहरित किये गए वाहन का प्रकार/रजिस्ट्रेशन नंबर/चेचिस/इंजन संख्या | मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की गई जान

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कापसी से तेलावट जाने वाले मार्ग में 1 अगस्त को कापसी निवासी 33 वर्षीय मंगल कावड़े पिता कुंवर सिंह का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने बाइक में सवार होकर सरकारी अनाज लाने कापसी से ग्राम तेलावट गया था। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसको गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।



### सागौन की तस्करी करते दबोचे गए तस्कर

**पंडरिया।** कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस की सतर्कता और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से अवैध सागौन तस्करी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनमुना के पास पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने जंगल की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे दो संदिग्ध पिकअप वाहनों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। बताया जाता है कि दोनों पिकअप मुनगाडीह के जंगल से सागौन लकड़ी के लठ्ठे भरकर निकले थे। रास्ते में दो बैरियर होने के बावजूद तस्कर कथित रूप से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर निकल गए। बताया जाता है कि रहमानकापा बैरियर के समीप बस्ती के अंदर से तथा मेनपुरा बैरियर के सामने से वाहन पंडरिया क्षेत्र के रेहुटा गांव पहुंचे। पुलिस से सूचना मिलने पर वन विभाग पंडरिया पश्चिम, पंडरिया पूर्व एवं वन विकास निगम पंडरिया की संयुक्त टीम पंडरिया पश्चिम के परिक्षेत्र अधिकारी के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान 38 नग सागौन लठ्ठा, 5 नग आरा एवं 1 नग तलवार जब्त की गई। जब्ती की कार्रवाई पूरी कर वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर के बाद साइकिल सवार की जोंक नदी में गिरने से हुई मौत के मामले की जांच सांकरा पुलिस ने की। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के मर्ग क्रमांक 32/26 धारा 194 BNSS जांच की गई। जांच के दौरान गवाहों का कथन लिया गया जिन्होंने बताया कि मृतक साइकिल सवार देवराज यादव पिता गणेश यादव (50 साल) बल्दीडीह थाना सांकरा की मौत वाहन मोटर साइकिल क्र सीजी 06 एचजी 2927 के चालक द्वारा खतनाक ढंग से लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर देने के बाद जोंक नदी सांकरा के पुल के नीचे गिर जाने से हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीलक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 4 जुआरी गिरफ्तार 1.25 लाख से अधिक का सामान जब्त

**भानुप्रतापपुर।** अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के अभियान के तहत भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रानवाही के जंगल में संचालित जुए के फड़ का भंडाफोड़ किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर बिजली की रोशनी में ताश के 52 पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे चार आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नकदी, दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, ताश की गड्डी और प्लास्टिक चटाई सहित कुल 1 लाख 25 हजार 800 का मशरूका जब्त किया।

# बारिश में भीगती साइकिलों की खबर छपी और विभाग ने फौरन किया सुरक्षित

*जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का असर एक बार फिर देखने को मिला। शासकीय सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को वितरित की जाने वाली साइकिलों को खुले आसमान के नीचे बारिश में छोड़ दिए जाने की खबर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होते ही विभाग हरकत में आ गया। समाचार प्रकाशित होने के कुछ ही समय बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए सभी साइकिलों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

खबर का असर

दरअसल शासकीय सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में नई साइकिलें उपलब्ध कराई जाती हैं। इन साइकिलों की खरीद पर शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद पखांजूर क्षेत्र में वितरण से पहले साइकिलों को लंबे समय तक खुले स्थान पर बारिश और धूप के बीच रखा गया था। लगातार हो रही बारिश के कारण साइकिलों के लोहे के हिस्सों में जंग लगने, पुर्जों के खराब होने और उनकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। इस गंभीर लापरवाही को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद विभाग ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों की निगरानी में सभी साइकिलों को खुले स्थान से हटाकर सुरक्षित परिसर में रखवा दिया गया, जिससे अब उनके खराब होने की संभावना काफी हद तक समाप्त हो गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत खरीदी गई सामग्री जनता की संपत्ति होती है, इसलिए उसकी सुरक्षा और उचित रखरखाव सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। समय रहते की गई कार्रवाई से शासन की राशि का संरक्षण भी होगा और छात्राओं को बेहतर स्थिति में साइकिलें उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### अब छात्राओं को मिलेंगी बेहतर बेहतर साइकिलें



### खुले आसमान के नीचे भीग रहीं सरस्वती योजना की साइकिलें



### विभाग सतर्कता बरतेगा

*क्षेत्र के अभिभावकों ने भी प्रशासन की त्वरित पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते यह कदम नहीं उठाया जाता तो बारिश के कारण साइकिलों को नुकसान पहुंच सकता था। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में सरकारी योजनाओं से जुड़ी सामग्री के संरक्षण और रखरखाव को लेकर विभाग अधिक सतर्कता बरतेगा।*

*दो कबाड़ दुकानों में दबिश, बिना दस्तावेज मिले वाहन पार्ट्स और*

# अवैध कबाड़ कारोबार पर बालोद पुलिस की कार्रवाई, 2.13 लाख का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ी करोबारियों पर शिकंजा कसते हुए अवैध रूप से चल रहे कबाड़ी कारोबार पर कार्यवाही करते हुए 02 प्रकरणों में 2,13,000 रूपये के अवैध कबाड़ी समान जप्त किया गया। थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में अवैध कबाड़ी कारोबारियों के विरुद्ध अभियान के तहत दो प्रकरण में आरोपियों से कुल 2,13,000 रूपये के अवैध कबाड़ समान को जप्त किया गया है।

जिसके पहले मामले में मुखबीर की सूचना पर अनावेदक नजीमुद्दीन द्वारा बघमरा बायपास रोड किनारे अवैध रूप से कबाड़ी दुकान संचालित कर पुराने वाहनों को खरीदकर वाहनों के पार्ट्स को विभाजित करने का काम करता है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के अनावेदक के कबाड़ी दुकान पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही दौरान नजीमुद्दीन के कबाड़ी दुकान में विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स गैस कटर से कटिंग कर विभाजित कर रखा हुआ मिला जिसे कबाड़ी दुकान संचालन रिसाई पारा धमतरी थाना व जिला धमतरी निवासी नजीमुद्दीन पिता मुमताजुद्दीन 40 वर्ष के कबाड़ी दुकान तलाशी दौरान विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स एवं वाहनों के टायर मिलने से गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर कबाड़ी दुकान संचालक अनावेदक को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामिल कर वैध दस्तावेज पेश करने तामिल किया गया जिनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। बरामद हुए विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स को धरमकांटा में वाहन के माध्यम से ले जाकर वजन कराने पर कुल 2070 किलोग्राम होना पाया गया। अनावेदक नजीमुद्दीन के कब्जे से बरामद विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स एवं वाहनों के टायर चोरी की गई सम्पत्ति होने की अंदेशा पर अनावेदक के कब्जे से गवाहों के समक्ष विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स कुल वजनी 2070 किलोग्राम किमती 1,03,500 रूपये एवं 15 नग कार एवं ट्रक के टायर पुराना इस्तेमाली किमती करीबन 15,000 रूपये जुमला किमती 1,18,500 रूपये को जप्त किया गया।



### हीरापुर चौक के पास अवैध रूप से संचालित थी कबाड़ी दुकान

*दूसरे मामले में कबाड़ी दुकान संचालन समिरूददीन पिता मुमताजुद्दीन उम्र 46 वर्ष पता रिसाई पारा धमतरी थाना व जिला धमतरी के कबाड़ी दुकान तलाशी दौरान विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स एवं वाहनों के टायर मिलने से गवाहों के समक्ष बरामद किया। कबाड़ी दुकान संचालक अनावेदक को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामिल कर वैध दस्तावेज पेश करने तामिल किया गया। जिनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। बरामद हुए विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स को श्री बालाजी धरमकांटा में वाहन के माध्यम से ले जाकर वजन कराने पर कुल 1650 किलोग्राम होना पाया गया। अनावेदक समिरूददीन के कब्जे से बरामद विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स एवं वाहनों के टायर चोरी की गई सम्पत्ति होने की अंदेशा पर अनावेदक के कब्जे से गवाहों के समक्ष विभिन्न वाहनों के लोहे के पार्ट्स कुल वजनी 1650 किलोग्राम किमती 82,500 रूपये एवं 15 नग कार एवं मैजिक वैन के टायर पुराना इस्तेमाली किमती करीबन 12,000 रूपये जुमला किमती 94,500 रूपये को जप्त किया गया। दोनो अनावेदकगणों के विरूद्ध 02 अगस्त को धारा 106 बीएनएसएस के अंतर्गत इस्तगासा तैयार किया गया। धारा 106 बीएनएसएस के तहत अनावेदक रिसाईपारा धमतरी थाना व जिला धमतरी निवासी नजीमुद्दीन पिता मुमताजुद्दीन 40 वर्ष व रिसाईपारा वार्ड नं 15 धमतरी धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी निवासी समिरूददीन पिता मुमताजुद्दीन 46 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही की गई।*

## नशे की हालत में पकड़ा गया बस चालक, तीन दिनों का साधारण कारावास

### पहली बार नशेड़ी चालक पर ऐसी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे की हालत में मिले बस चालक के खिलाफ पहली बार तीन दिनों का साधारण कारावास की सजा मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने विशेष वाहन चलाया। चेकिंग अभियान के तहत गुरुनानक ट्रेवल्स की राजनांदगांव–दुर्ग–भिलाई मार्ग पर संचालित यात्री बस को रोककर चालक की जांच की गई।

जांच के दौरान चालक जितेन्द्र देवांगन शराब के नशे में बस चलाते हुए पाया गया। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। चालक का यह कृत्य यात्रियों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों के जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा था। चालक का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण किए जाने पर शराब का सेवन करना प्रमाणित हुआ। आरोपी चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एवं 184 के तहत जुर्म दर्ज किया गया।



ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 15 हजार का अर्थदंड भी मिला

*चालक को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुर्ग द्वारा प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर आरोपी चालक को दोषसिद्ध करते हुए 15 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया। यह कार्रवाई इस बात का स्पष्ट संदेश है कि सार्वजनिक परिवहन वाहन का चालक यदि शराब के नशे में वाहन चलाकर नागरिकों के जीवन को जोखिम में डालने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई होगी।*

## झुलती विद्युत लाइन से किसान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

ग्राम पंचायत मुजगहन के वार्ड क्रमांक 01 (आबादी पारा) एवं बाईपास खेत में लंबे समय से झूल रही 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से ग्राम मुजगहन निवासी किसान नीलकंठ साहू पिता स्व. नोहर लाल साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब वे अपने कृषि कार्य के लिए खेत गए थे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल धमतरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।



## सारनाथ एक्सप्रेस चढ़ते समय हाथ हुआ स्लिप, युवक गंभीर

हरिभूमि ▶▶| भिलाई

ट्रेन चढ़ते हुए अचानक स्लिप होने युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना पावर हाउस रेलवे स्टेशन का है। यूपी निवासी एक युवक सारनाथ एक्सप्रेस में सवार होने पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचा था। अचानक उसका हाथ स्लिप होने से ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक युवक के दोनों हाथों में चोट आई है। वहीं उसका एक हाथ में गभीर चोट आई है। सुपेला शास्त्री अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया है।

### जीआरपी नहीं ले गई, आटो से अस्पताल भेजा गया

*घटना के बाद युवक स्टेशन परिसर में काफी देर तक पड़ा हुआ था। जीआरपी उसे ले जाने के लिए उचित व्यवस्था नहीं किया। काफी देर होने के बाद ऑटो से युवक को अस्पताल छोड़ गया है। युवक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक औद्योगिक नगर हथखोज के निजी कंपनी में काम करता है। गांव जाने के लिए सारनाथ एक्सप्रेस पकड़ने शाम 8 बजे पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचा था।*

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- Teacher की आवश्यकता है। अंग्रेजी माध्यम (बी.एड) को प्राथमिकता वेतन 4000 से 6000 तक (English, Maths, Social Science) पता- लिटिल पॉवर इंग्लिश मीडियम स्कूल बोरियाखुर्द रायपुर (छ. ग.) संपर्क करें- समय 9:00 से 2:30 तक मो. नं. 9039640860, 9755848827. (आरो-812)

आवश्यकता है- अध्यापन कार्य हेतु कक्षा पहली से दसवीं तक हिंदी माध्यम में सभी विषयों हेतु शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। पता- देव्यानी पब्लिक स्कूल, डूण्डा बाजार चौक, रायपुर मोबाइल- 9303013584. (आरो-809)

Requirement- Required TGT Maths for Agrasen Public High School Bhilai Qualification-B.ed, MSc (Maths)* Send Resume at aisbhilai@gmail.com*(आरो-322)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- रिसर्च बेस आयुर्वेदिक दवाईयों के प्रमोशन हेतु छत्तीसगढ़ के सभी तहसील स्तर मे डाक्टर्स, नर्स, मेडिकल प्रोफेशनल की आवश्यकता है :- सेलरी + कमीशन २००००/- से- ५००००/- 91657-33916, 97135-17535. (आरो-418)

क्लासीफाईड

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 12वीं पास युवक की आवश्यकता है। स्वयं का वाहन आवश्यक। वेतन योग्यतानुसार । शीघ्र संपर्क करे - 93001-60001, 93001-60003. (आरो-144)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्कः 9425506658, 9424200658, 9977252503.(RO-7272)

**घरेलु नौकर**

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12घंटे एवं 24घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5वर्ष शिक्षा- न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 20,000/- प्रतिमाह रहने की व्यवस्था सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252 अनुभवी, भरोसेमंद, लंबे समय तक कार्य के इच्छुक उम्मीदवार मिले.(आरो-051)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को( उम्र 18 से 35 )की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर ( मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

**घरेलु कार्य/कुक**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए दो महिला की आवश्यकता हैं । (१) समयः सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक , वेतन : रु 10000 प्रतिमाह (२) समयः 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) वेतन :रु 15000 प्रतिमाह आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई संपर्क करें: 9826708233.(Ro-SPD/0069)

**वार्डन**

आवश्यकता है- आवश्यकता है रायपुर जैन गर्ल्स हास्टल मे computer की जानकार, शाकाहारी अनुभवी लेडीज वार्डन चाहिए .रहने खाने की सुविधा संपर्क सूत्र 8959906595. (आरो-7355)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- गोल बाजार रायपुर शॉप के लिए लेडिज स्टॉफ हेल्पर (आकर्षक वेतन + ओवर टाइम) केवल मेंहनती परमानेंट काम के इच्छुक संपर्क करें - अक्षर प्रिंटर्स, अलका रेस्टोरेंट के बाजू गली में चिकनी मंदिर चौक गोल बाजार रायपुर (आरो-0152)

हरिभूमि

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय एवं बंगलो के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5वर्ष शैक्षणिक योग्यता- 10वीं /12वीं पास वेतन- योग्यता एवं अनुभवनुसार (आकर्षक वेतन) सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109125252, 9109972720 केवल अनुभवी, ईमानदार एवं जिम्मेदार उम्मीदवार ही मिले।.(आरो-052)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पताः- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरो-811)

**चपरासी/ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता है- कार्यालय सहायक - डी सी ए/12वी गेट कीपर (गार्ड)- 02 पद ड्राइवर -2 पद चपरासी -2 पद इच्छुक संपर्क करें -उदय पब्लिक स्कूल, जामुल - भिलाई Resum send - 7470984997. (आरो - 4161)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- टैक्सी डिजायर चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है जिसको टैक्सी चलाने का 3 वर्ष अनुभव हो वही संपर्क करें- अमलिडीह रायपुर 7470308181. (आरो-292)

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह ९ बजे से रात्रि ९ बजे तक , संपर्क करें: 9826708233 ,पताः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.) (Ro-SPD/0070)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को एंव टाटा ऐस चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.(आरो-918)

**अन्य**

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी भर्तीपद- फॉरेस्टगार्ड , क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र (18 -42 ) सैलरी- 26500/- - 42500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे- 9005465772.(आरो-118)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**

बेचना है- 2 फ़्लैट बेचना है मधुरिशा हाइट फेस 3 प्रगति नगर रिसाली भिलाई में 3 बीएचके फ़्लैट बेचना है तुरंत रजिस्ट्री का प्रावधान है संपर्क करें 9893113113.(आरो-323)

**प्लाट**

बेचना है - बिलासपुर नया हाईकोर्ट के पास काली ढाबा के सामने 5168 वर्गफुट प्लॉट एवं मोपका में कमर्शियल डायवर्सन किया हुआ 2500 वर्गफुट प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें 7898855268 (ब्रोकर क्षमा करें) (आरो-41541)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR
Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

10X1 FIR SIZE
CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### काशी में मंगला आरती...

श्रद्धालु पहुंचे। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार पर विशेष भस्म आरती और अभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए. वहीं गुजरात के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

### बांकीपुर में 30 साल बाद...

रुझानों में जीत के संकेत मिलते ही भोपाल स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में जश्न की शुरुआत हो गई और पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे 'दतिया की जनता की जीत, 2028 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद और कांग्रेस नेताओं के सामूहिक प्रयास' का नतीजा करार दिया तो भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा करेगी और उसके निष्कर्षों के आधार पर कदम उठाएगी। पटवारी ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दतिया की जनता ने मध्यप्रदेश की भाजपा नीत सरकार के भ्रष्टाचार, आतंक और अहंकार के चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी दतिया की जनता का सदैव आभारी रहेगी, जिन्होंने मध्यप्रदेश में 2028 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए बदलाव और भाजपा की विदाई की नींव रख दी है। पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, उनके पुत्र व विधायक जयवर्धन सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा और कमलेश्वर पटेल सहित कई अन्य नेताओं का नाम लेते हुए इस जीत को पार्टी के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उपचुनाव में जीत को पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम बताया और कहा कि वह दतिया की जनता का हृदय से अभिनंदन करते हैं क्योंकि उन्होंने सत्ता के दबाव में झुकने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, यह जीत सिर्फ एक उपचुनाव की जीत भर नहीं है, बल्कि देश और प्रदेश की हवा में हो रहे बदलाव का संकेत है। हमारे नेता राहुल गांधी ने देश के छात्रों में जो जागृति पैदा की है, आज वह समाज के हर वर्ग को आंदोलित कर रही है।

### हेमंचद यादव विवि के ...

कुल सचिव भूपेन्द्र कुमार कुलदीप अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अमानत में खयानत की। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुलदीप को गिरफ्तार किया है। 3 अगस्त को विश्वविद्यालय दुर्ग की दैनिक वेतनभोगी कर्मी शुभांगी मराठे ने कुलपति से शिकायत की थी। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने वित्तीय अनियमितता और अमानत में खयानत का अपराध कुलसचिव के खिलाफ दर्ज किया था। जांच में मिला कि दैनिक वेतनभोगी महिला कर्मी शुभांगी तत्कालीन कुलसचिव भूपेन्द्र कुमार कुलदीप के निवास पर भोजन बनाने का कार्य भी करती थी। उसे प्रतिमाह शासकीय नियमानुसार 11 हजार 515 रुपए वेतन मिलता था। उसे प्रतिमाह 2200 रुपए देकर कुलसचिव द्वारा दबावपूर्वक फोनपे,पेटीएम के माध्यम से बेटे उदय कुलदीप के खाते में बाकी रकम ट्रांसफर कराते थे। कुलसचिव ने 6 फरवरी 2025 से 4 जुलाई के बीच कुल 1.49 लाख 384 रुपए का गबन किया। जांच टीम ने कुलसचिव के बैंक खाते, यूपीआई ट्रांजेक्शन को खंगालने पर कई साक्ष्य मिले। पद का दुरुपयोग कर अमानत में खयानत किये जाने की पुष्टि की। पुलिस ने भूपेन्द्र कुमार कुलदीप से पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया।

### शिकायत के बाद विवि ने पुलिस ...

मातहत कर्मचारी पर दबाव बनाया। कर्मचारी के खाते में आने वाली सैलरी का अधिकांश हिस्सा डिजिटल पेमेंट के जरिए अपने पुत्र के खाते में ट्रांसफर कराकर आर्थिक लाभ लिया। इसे अमानत में खयानत और पद के दुरुपयोग का मामला माना गया है।

### लूट और हत्या से मिलाई...

प्रकाश ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें चाकू से गोद दिया। किसी तरह उपसरंपच का दोस्त अपनी जान बचाकर भाग निकला। बदमाश मोबाइल फोन और 4000 रुपए नकद लूटकर फरार हो गए। बाइक पर सवार होकर चार बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। प्रकाश सिंह का मोबाइल और उसके दोस्त की जेब से बदमाशों ने रकम निकाली थी। प्रकाश सिंह को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। मृतक की पत्नी देवती बाई कश्यप वर्तमान में उसी गांव की सरपंच हैं।

### कहा-वेश्या की कॉलम में ...

तरह से बंद कर देंगे। इसके बाद भी उन्होंने हमारी मांगें पूरी नहीं की तो उनका समुदाय अपनी पहचान सार्वजनिक करते हुए धरना प्रदर्शन करेगा। हरिभूमि में सोमवार को एचआईवी संक्रमित समुदाय को लेकर खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया गया। बताया जा रहा है कि जिसे बाद प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। बैठक में यह मांग प्रमुखता से उठी कि विहान सीएचसी का कार्य एचआईवी समुदाय के व्यक्तियों को फिर से दिया जाए। जिससे उनकी पहचान और गोपनीयता बरकरार रह सके। वहीं चिकित्सा व्यवस्था में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्हें वेंटिलेटर और डाइलिसिस की सुविधा भी नहीं मिलती है। जिसके कारण कई एचआईवी संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

**शिकायत की, पर सुनवाई नहीं :** बैठक में यह बात भी सामने आई कि एचआईवी की दवा लेने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में खोले गए एआरटी सेंटर से दवा दी जाती है, यहां से उनकी जानकारी गैर समुदाय या जिन्हें यह संक्रमण नहीं है, उन तक पहुचाई जा रही है। इसी के कारण वे लोग उनके मोहल्ले में पहुंचकर एचआईवी संक्रमित की तलाश कर रहे हैं। इसकी शिकायत एड्स कंट्रोल सोसायटी से भी की गई, लेकिन कोई अपेक्षित कदम नहीं उठाया गया है।

### लो, अब मिठास भी ...

कारोबारियों के लिए चार हजार क्विंटल के स्टॉक सीमा तय कर दी है। कारोबारियों का कहना है कि गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ने और गन्ने का उपयोग एथेनाल बनाने में होने के कारण शक्कर की कमी हो रही है, जिसके कारण दाम बढ़ रहे हैं। उत्पादक कारोबारी हमेशा से ही त्योहारी सीजन से पहले एक-एक करके कई चीजों के दाम बढ़ा देते हैं। इसी कड़ी में अब शक्कर के दाम में आग लगी है। एक माह पहले तक शक्कर के दाम थोक में 38 से 40 रुपए और चिल्हर में 42 से 44 रुपए थे, लेकिन अब इसके दाम अचानक से करीब दस रुपए बढ़ गए हैं।

## कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा लिए गए कई हिरासत में

# ई-20 फ्यूल के खिलाफ गडकरी के घर के बाहर किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नागपुर



इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई20 के मुद्दे पर सोमवार को नागपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। यह मार्च नागपुर के महल इलाके में स्थित चिंतामणि पार्क चौक से शुरू हुआ और गडकरी के इसी इलाके में स्थित निजी आवास तक जाना था। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ई20 ईंधन को लेकर नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री के घर के पास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। रास्ते में बैरिकेड लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की।

### यह कहा रमेश ने

कांग्रेस ई20 ईंधन के मुद्दे पर लगातार गडकरी को घेर रही है। पार्टी का कहना है कि 29 जुलाई को संसद में देशभर में ई20 पेट्रोल लागू करने को लेकर गडकरी के जवाब से कई सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि गडकरी का दावा है कि ई20 ईंधन को कई वर्षों के वैज्ञानिक परीक्षण के बाद लागू किया गया है। इससे बड़े स्तर पर वाहनों को नुकसान पहुंचने का कोई सबूत नहीं है। रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि कई महीनों से देशभर के उपभोक्ता और मैकेनिक कम माइलेज, इंजन की समस्या, वाहनों पर ई20 ईंधन के लंबे समय के असर, इंजन की अनुकूलता, ठंड में इंजन स्टार्ट होने की परेशानी और 2023 से पहले के वाहनों में तेजी से खराबी जैसी शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों में ईंधन इंजेक्टर जाम होने, ईंधन पाइप खराब होने और रबर के हिस्सों में दरार जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने मांगा गडकरी का इस्तीफा

मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने गडकरी के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि ई20 पेट्रोल नीति को लागू करना एक बड़ा घोटाला है, जिससे लाखों वाहन मालिकों को परेशानी हुई और सत्ता से जुड़े कुछ लोगों को फायदा पहुंचा। सपकाल ने दावा किया कि ई20 ईंधन को पूरे देश में लागू करने की समयसीमा 2030 से पहले कर दी गई, ताकि कुछ खास लोगों को फायदा मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर पेट्रोल में इथेनॉल की जगह पानी मिलाने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

### घोटाले में बिचौलिए की बड़ी भूमिका

सपकाल ने इस मामले की पूरी जांच की मांग की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इसके लिए जिम्मेदार हैं। सपकाल ने कहा कि नागपुर सांसद गडकरी ने वाहन मालिकों की शिकायतों के बावजूद इथेनॉल मिले ईंधन को बढ़ावा दिया। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कथित घोटाले में बिचौलिए शामिल हैं, जिनकी भूमिका सामने आनी चाहिए। सपकाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि मिलावटी ईंधन देकर उपभोक्ताओं के साथ धोखा किया गया है, जबकि उनसे पेट्रोल की कीमत ली जा रही है।

### प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग

विरोध कर रहे संगठनों का कहना है कि ई-20 पेट्रोल से वाहनों के इंजन को नुकसान पहुंच रहा है और माइलेज में गिरावट आ रही है। विशेष रूप से पुराने वाहनों के लिए इसे हानिकारक बताया जा रहा है। यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि उपभोक्ताओं को बिना इथेनॉल वाले सामान्य पेट्रोल को भी खरीदने का स्पष्ट विकल्प मिलना चाहिए।

### सरकार का रुख और तर्क

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और केंद्र सरकार ने इस नीति का पुरजोर बचाव किया है। सरकार का तर्क है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग से भारत के कच्चे तेल के आयात बिल में भारी कटौती होती है, कार्बन उत्सर्जन घटता है और स्थानीय किसानों को सीधा आर्थिक लाभ पहुंचता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने ईंधन से जुड़े अनसुलझे दावों को गैर-वैज्ञानिक और भ्रामक करार दिया है।

## पेज एक के शेष

### दिव्यांगजनों को मिला सहारा, दिए गए...

सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक अपना योगदान दे सकें। राजधानी रायपुर में सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रोजेक्ट 'सहारा' के अंतर्गत दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों के प्रति देश की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने केवल कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार ही नहीं किया, बल्कि उन्हें 'दिव्यांग' कहकर सम्मान और आत्मगौरव का नया भाव भी दिया। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार भी दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इंडोर स्टेडियम के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 7 करोड़ रुपये की राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की।

**1739 दिव्यांग प्रोजेक्ट सहारा से लाभांवित :** उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पहले ही 500 से 600 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जा चुके हैं, जबकि आज 1000 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इस प्रकार कुल 1739 दिव्यांगजन प्रोजेक्ट 'सहारा' के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पहल केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को अधिक सम्मानजनक, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**आधुनिक सहायक उपकरण बांटे गए :** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, कृत्रिम हाथ-पैर, वैशाखी, वॉकिंग स्टिक तथा अन्य आधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने हितग्राहियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा, ये उपकरण केवल सहायता सामग्री नहीं हैं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की नई शुरुआत हैं।

**उनके जीवन को अधिक सुगम बनाएंगे : टंकराम :** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, प्रोजेक्ट 'सहारा' के तहत वितरित किए जा रहे सहायक उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने देश में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार भी उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**1600 दिव्यांगों की पहचान :** मुख्यमंत्री ने कहा, रायपुर जिले में विशेष अभियान चलाकर दिव्यांगजनों की व्यापक स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 1600 से अधिक दिव्यांगजनों की पहचान की गई। इस महत्वाकांक्षी पहल के लिए भारत सरकार से 3 करोड़ 58 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण...

समय-समय पर कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है, जिससे वे दक्ष होकर आत्मनिर्भर बनें और सम्मानजनक रोजगार से जुड़ सकें।

### कॉमनवेल्थ की पदक विजेता ज्ञानेश्वरी बनीं...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ज्ञानेश्वरी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें 30 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि तथा आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा, ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

### छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस...

रहा हो। मेहता ने कहा कि गंभीर और जघन्य अपराधों से जुड़े आपराधिक रिकॉर्ड वाले 2,700 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस नहीं ली जाएंगी। सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने बताया कि प्रदर्शनों के दौरान वकीलों के बच्चों को भी पीटा गया। उन्होंने कहा, वीडियो बेहद चौंकाने वाले हैं। हमने अदालत को 300 वीडियो सौंपे हैं। चूंकि ऊपर से निर्देश आए हैं, इसलिए पुलिस आयुक्त को इन सब पर ध्यान देना चाहिए।' शंकरनारायणन ने कहा, हमने बिना वर्दी वाले उन लोगों की पहचान की है, जो कथित पुलिस ज्यादती में शामिल थे। पुलिस आयुक्त और आरएएफ (त्वरित कार्य बल) निदेशक को यह बताने का निर्देश दिया जाना चाहिए कि पुलिस ने पैलेट गन आदि का इस्तेमाल क्यों किया। मामले की अगली सुनवाई अब 18 अगस्त को होगी।

### हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद...

सक्ती जिलाध्यक्ष भाजपा टिकेश्वर गबेल, सभापति जिला पंचायत सक्ती आयुष शर्मा, पूर्व विधायक जैजैपुर केशव चंद्रा, पूर्व विधायक मालखरौदा निर्मल सिन्हा, प्रवक्ता कांग्रेस पं. दिगम्बर प्रसाद चौबे, जिला अध्यक्ष कांग्रेस सक्ती रश्मी गबेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, सीईओ वाशु जैन, डा.श्याम चंद्रा, मुकेश बंसल, मांगेराम अग्रवाल, कंवलधर साहू, से जिले के विकास से जुड़े मुद्दों, शासन की योजनाओं की प्रगति, चल रहे विकास कार्यों तथा स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा और मंथन होगा।

## राजधानी में आयोजित किए गए 85वें सशस्त्र सेना मुख्यालय नागरिक सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# सेना को शक्ति गोला बारूद से ही नहीं मिलती : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों और तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के बीच संयुक्तता और एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए गठित की जा रही थिएटर कमांड के गठन की कवायद के मध्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को दो टूक अंदाज में कहा कि सेना को अपनी शक्ति केवल हथियारों और गोला बारूद से ही नहीं मिलती है। बल्कि यह उन हजारों अदृश्य हाथों से भी मिलती है। जो हमेशा उसका समर्थन करते हैं। सशस्त्र सेना मुख्यालय नागरिक सेवा इन्हीं अदृश्य लेकिन निर्णायक शक्तियों में से एक है। रक्षा मंत्री के इस बयान का संबंध मंत्रालय के सैन्य और नागरिक घटकों के बीच सहयोग को पहले के मुकाबले और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता से जुड़ा हुआ है। यह जानकारी उन्होंने 3 अगस्त को नई दिल्ली में 85वें सशस्त्र सेना मुख्यालय नागरिक सेवा दिवस (एएफएचक्यू) समारोह को संबोधित करते हुए दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि एएफएचक्यू को अनुसंधान, भू-रणनीतिक चिंतन तथा नवोन्मेषी विचारों के माध्यम से सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मंत्रालय के स्थायी कैडर होने की वजह से इनके पास गहन क्षेत्र का ज्ञान है।

## स्नैक्स पैकेट की टॉय बॉल निगलने से बच्चे की मौत

एजेंसी ▶▶| मैसूर

कर्नाटक के मैसूर जिले में स्नैक्स के पैकेट में मिला प्लास्टिक का छोटा खिलौना 5 साल के बच्चे की मौत का कारण बन गया। पुलिस के अनुसार, हुनसूर के मुकुंद मयूर ने कुरकुरे स्नैक्स के पैकेट में मिली प्लास्टिक बॉल निगल ली। बॉल गले में फंसने से उसका दम घुटने लगा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। हुनसूर ग्रामीण थाने में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### आर्थिक तंगी से परेशान परिवार ने दी जान

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक दंपती और उनकी 19 साल की बेटी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आर्थिक तंगी का जिक्र किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान विनोद पिल्लई (50), उनकी पत्नी सृजा पिल्लई (45) और बेटी पूर्णिमा पिल्लई (19) के रूप में हुई है। विनोद की शनिवार को मौत हो गई थी, जबकि सृजा और पूर्णिमा ने रविवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## जेन जी के नारों से जागी झारखंड सरकार !

# जेपीएससी धांधली केस, सीआईडी ने मारे दर्जनों जगह ताबड़तोड़ छापे

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी और धांधली के मामले में झारखंड सीआईडी और रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईडी और पुलिस की संयुक्त टीमों ने रांची समेत राज्य और पड़ोसी राज्यों के कई ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह पूरी कार्रवाई जेपीएससी धांधली मामले में मुख्य आरोपी अभय तिवारी से पूछताछ में मिले अहम सुरागों के आधार पर की जा रही है। सीआईडी की टीम ने रांची, धनबाद, हजारीबाग और पलामू समेत बिहार के कई स्थानों पर 15 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ दबिश दी है। सीआईडी ने कई ठिकानों पर कार्रवाई की है इनमें शुभंग्स पाठशाला और पतंजलि IAS से जुड़े शिक्षकों के ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

### पलामू में एक्शन

पलामू में कोचिंग संस्थान चलाने वाले शिक्षक रवि के घर पर भी रेड मारी गई है। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही शिक्षक रवि अपना मोबाइल फोन बंद करके फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। झारखंड में जेपीएससी परीक्षाओं में धांधली को लेकर छात्रों के लगातार जारी विरोध-प्रदर्शनों और आंदोलनों के बीच सीआईडी की यह बड़ी कार्रवाई प्रशासन के कड़े रुख को दर्शाती है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस रैकेट से जुड़े अन्य तारों को खंगालने में जुटी हैं।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## खाड़ी देशों के नेताओं की सलाह पर लिया फैसला

# अमेरिकी ने ईरान पर नए हमले का फैसला टाला, ट्रंप ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों के आग्रह पर उन्होंने ईरान के खिलाफ हमले करने का फैसला फिलहाल टाल दिया। ट्रंप ने बताया कि रविवार को अमेरिकी सेना की 'द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा हमला' करने की योजना तैयार थी लेकिन सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान सहित प्रमुख खाड़ी नेताओं से बातचीत और कुछ अज्ञात ईरानी अधिकारियों के अनुरोध के बाद उन्होंने इस योजना को रद्द कर दिया और कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए थोड़ा और समय देने का निर्णय लिया।

**होर्मुज फिर से खोलना प्राथमिकता :** ट्रंप ने रविवार को दोहराया कि प्रस्तावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना शामिल होगा। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने रविवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति अब किसी भी कीमत पर 28 फरवरी, यानी युद्ध शुरू होने से पहले जैसी नहीं होगी। उन्होंने ईरान के सरकारी टेलीविजन से बातचीत में कहा कि ईरान होर्मुज के दूसरी ओर स्थित ओमान के साथ जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर चर्चा कर रहा है।

### पसंद करेंगे समझौता करना

ट्रंप ने न्यू जर्सी के बेडमिन्स्टर स्थित अपने गोल्फ क्लब से वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, 'मैंने क्राउन प्रिंस से पूछा कि आप क्या चाहते हैं? क्या आप चाहेंगे कि हम हमला करें या नहीं? उन्होंने कहा कि हम हमले के बजाय समझौता करना ज्यादा पसंद करेंगे, क्योंकि आपको नहीं पता कि ऐसे हमले कहां जाकर रुकेंगे।' ट्रंप और सऊदी अरब के शहजादे के बीच शनिवार को बातचीत हुई थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने पांच महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001
Great Place to Work. Certified
ईओआई सं.: Mines/EOI/2026 दिनांक : 29.07.2026
ईओआई सूचना (EOI NOTICE)
Comprehensive Maintenance & Repair Contract of HEME Fleet
हेतु ठेका प्रदान करने के लिए रुचि अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है
ईओआई से संबंधित दस्तावेज़ सेल की वेबसाइट www.sailtenders.co.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
1. ईओआई प्रस्तुत करने की समय-सारिणी
(क) दस्तावेज़ डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.09.2026 (दोपहर 01:00 बजे)
(ख) पूर्ण रूप से भरे हुए दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.09.2026 (दोपहर 01:30 बजे)
(ग) प्री-बिड बैठक : 11.08.2026 (प्रातः 11:00 बजे)
(घ) प्री-बिड बैठक का स्थान : खदान कार्यालय, दल्ली राजहरा, जिला-बालोद, छत्तीसगढ़ - 491228. किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क करें
(क) महाप्रबंधक प्रभारी ( एम एंड एस) श्री मयराम ठाकुर संपर्क नं.: 9407983572, ई-मेल: mayaramthakur@sail.in
(ख) महाप्रबंधक (एम एंड एस) श्री एन.के. साहू संपर्क नं.: 9407981355, ई-मेल: nandkishoresahu@sail.in
विज्ञापन क्र -बीएसपी-07 / 26-27 / दिनांक : 03 / 08 / 2026
पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454 Website: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

### शब्द पहेली - 6307



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6306 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | 

## खबर संक्षेप

### ट्राई ने 'माईकॉल' मोबाइल ऐप को फिर से किया पेश




**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को 'माईकॉल' मोबाइल ऐप को नए अंदाज में पेश किया। इसकी मदद से उपभोक्ता अपने वॉयस-कॉलिंग अनुभव और गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकेंगे तथा इसके बारे में जानकारी दे सकेंगे। यह ऐप 1 से 5 स्टार तक फीडबैक के जरिये वॉयस कॉल की रेटिंग करने जैसी सुविधाएं देता है।

### सारदा एनर्जी के लाभ में 10 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (एसईएमएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 478 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 437 करोड़ रुपये था।

### एनबीसीसी को सेशेल्स में मिला आवास बनाने का बड़ा ठेका




**नई दिल्ली।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने सेशेल्स में 1,008 किफायती आवास विकसित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सेशेल्स गणराज्य की सरकार के साथ 'इले ऑरोर हाउसिंग परियोजना' के निर्माण के लिए समझौता किया है। परियोजना में संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ 1,008 किफायती आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

### रुपया 12 पैसे चढ़कर 95.31 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में मजबूत बने रहने के साथ ही 12 पैसे की बढ़त के साथ 95.31 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमले टालने के फैसले के बाद डॉलर के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

### वन मोबिक्विक ने 7.6 करोड़ रुपए का लाभ कमाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 7.6 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 419.2 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 73.7 प्रतिशत बढ़ा जबकि राजस्व 2.5 प्रतिशत घटा।

### रुपए में मजबूती से सोने में 900 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को रुपये की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सुस्त हलचल के कारण सोने की कीमतें 900 रुपये गिरकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये टूटकर 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,48,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# वाहनों के बीच 'आपसी संवाद' से टलेंगे सड़क हादसे, वी2वी का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए वाहन-से-वाहन (वी2वी) संचार प्रणाली को चरणबद्ध ढंग से लागू करने का प्रस्ताव रखा है। यह उन्नत प्रौद्योगिकी वाहनों के बीच सीधा संवाद स्थापित करती है, जिससे संभावित खतरों की समय रहते जानकारी मिल सके और दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

- आसपास चल रहे वाहन आपस में वास्तविक-समय में जानकारी साझा करेंगे

मंत्रालय की मसौदा अधिसूचना के मुताबिक, वी2वी प्रणाली के तहत आसपास चल रहे वाहन आपस में वास्तविक-समय में जानकारी साझा करेंगे। इसमें वाहन की गति, स्थिति, दिशा और ब्रेक लगाने या गति बढ़ाने जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। इन आंकड़ों के आधार पर वाहन या चालक को संभावित खतरे के बारे में पहले ही चेतावनी मिल सकेगी।

## उन्नत प्रौद्योगिकी से दुर्घटना को कम करने में मदद मिल सकती है

### सड़क सुरक्षा में बड़ा बदलाव ला सकती है

विशेषज्ञों के मुताबिक, वी2वी संचार प्रणाली भारत में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है, खासकर उन स्थितियों में जहां ड्राइवर को खतरे का अंदाजा देर से होता है। हालांकि, इसके व्यापक उपयोग के लिए वाहनों में जरूरी हार्डवेयर, मानकीकरण और डेटा सुरक्षा जैसे पहलुओं पर भी ध्यान देना होगा।

### प्रणाली समय रहते सावधान करेगी

उदाहरण के तौर पर, यदि आगे चल रहा वाहन अचानक ब्रेक लगाता है या किसी वाहन के साथ टक्कर का खतरा बनता है, तो पीछे आ रहे वाहन को तुरंत अलर्ट मिल जाएगा। इसी तरह, असुरक्षित ढंग से लेन बदलने, ड्राइवर को नजर न आने वाले ब्लाइंड स्पॉट या एंबुलेंस/फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों के पास आने पर भी यह प्रणाली समय रहते सावधान कर सकती है।



*प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा : परिवहन मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन के जरिये इस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की रूपरेखा भी पेश की है। इसके तहत अलग-अलग श्रेणी के वाहनों में इस प्रौद्योगिकी को समय के साथ अनिवार्य किया जा सकता है।*

*बैंड के इस्तेमाल को पहले ही छूट मिल चुकी : मसौदे में वी2वी और अन्य बुद्धिमान परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के लिए 5.875 गीगाहर्ट्ज से 5.925 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड के उपयोग का प्रस्ताव किया गया है। दूरसंचार विभाग पहले ही इस बैंड के इस्तेमाल को लाइसेंस की जरूरत से छूट दे चुका है, जिससे इस प्रौद्योगिकी को लागू करना आसान होगा।*

### प्रणाली लगाया जाना होगा अनिवार्य

मसौदा अधिसूचना के तहत प्रस्तावित समय-सीमा के मुताबिक, एक अक्टूबर, 2027 या उसके बाद निर्मित एल, एम और एन श्रेणी के वे वाहन जिनमें वी2वी संचार प्रणाली लगी है तो उन्हें वी2वी संचार प्रणाली के लिए निर्धारित मानदंड एआईएस-230 का अनुपालन करना होगा। वहीं, एक अक्टूबर, 2028 या उसके बाद निर्मित एल, एम और एन श्रेणी के सभी वाहनों में एआईएस-230 मानक के अनुरूप वी2वी संचार प्रणाली का लगाया जाना अनिवार्य होगा।

नए कारोबारी ऑर्डर की रफ्तार धीमी पड़ने से वृद्धि कम

पीएमआई जुलाई में घटकर 53.5 पर आ गया

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में घटकर निचले स्तर पर

# देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि जुलाई में पांच साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि जुलाई में घटकर पांच साल के निचले स्तर पर आ गई। मुख्य रूप से चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बीच नए कारोबारी ऑर्डर की रफ्तार धीमा पड़ने से वृद्धि कम रही। यह जानकारी सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई में घटकर 53.5 पर आ गया जो जून में 54.2 था। यह अगस्त, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है और दीर्घकालिक औसत 54.2 से भी कम है। एचएसबीसी इंडिया क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की डिलिवरी अवधि और खरीदे गए माल भंडार जैसे संकेतकों के आधार पर स्थिति का आकलन करता है।

### प्रमुख उत्पादों में घट रही ग्राहकों की रूचि

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का स्तर गतिविधियों में विस्तार और 50 से नीचे का स्तर गिरावट को दर्शाता है। नए ऑर्डर में वृद्धि की दर जुलाई में चार वर्षों से अधिक समय में दूसरी सबसे कमजोर रही। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि विज्ञापन और मांग में मजबूती से बिक्री को कुछ सहारा मिला, लेकिन चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों और प्रमुख उत्पादों में ग्राहकों की घटती रुचि ने इसे प्रभावित किया।

## विज्ञापन और मांग में मजबूती से बिक्री को कुछ सहारा मिला

### रोजगार सृजन लगातार तीसरे महीने कमजोर रहा

सर्वेक्षण में रोजगार के मोर्चे पर कहा गया कि भारत के विनिर्माण उद्योग में रोजगार सृजन लगातार तीसरे महीने कमजोर रहा। रोजगार वृद्धि की दर मौजूदा 29 महीने की निरंतर वृद्धि अवधि में सबसे धीमी रही। जुलाई में कंपनियों ने आपूर्ति श्रृंखला की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा। वास्तव में कच्चे माल की डिलिवरी में लगने वाला समय सर्वेक्षण के इतिहास में लगभग रिकॉर्ड तेजी से घटा। इससे आपूर्ति श्रृंखला में उल्लेखनीय सुधार का संकेत मिला।



### कच्चे माल व तैयार माल का भंडार बढ़ा

भंडारी ने कहा कि विनिर्माता कंपनियां संभावित व्यवधानों से बचाव के लिए तैयारी कर रही हैं। कच्चे माल और तैयार माल दोनों का भंडार बढ़ा है और खरीदारी की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। इससे संकेत मिलता है कि कंपनियां आपूर्ति सुनिश्चित कर संभावित जोखिम को सीमित करने का प्रयास कर रही हैं।

### मूल्य दबाव के रुख में भी बदलाव आया

भंडारी ने कहा, "इस बीच उत्पादन और नए निर्यात ऑर्डर में मजबूती आई है। यह विशेष रूप से विदेशी बाजारों से मजबूत मांग का संकेत देती है। मूल्य दबाव के रुख में भी बदलाव आया है। कच्चे माल की मुद्रास्फीति कम हुई, लेकिन उत्पादों की बिक्री कीमतों के मामले में महंगाई तेज हुई। इससे संकेत मिलता है कि कंपनियां अपने मार्जिन की सुरक्षा के लिए लागत वृद्धि ग्राहकों पर डाल रही हैं।'

### *कंपनियों ने परिवहन लागत में वृद्धि की जानकारी दी*

*इस बीच, लागत का दबाव घटकर पांच महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, कंपनियों ने विशेष रूप से परिवहन लागत में वृद्धि की जानकारी दी। वहीं बिक्री कीमतों में मध्यम स्तर की वृद्धि दर्ज की गई, जो जून के स्तर के लगभग समान रही। सर्वेक्षण में कहा गया, "नए निर्यात ऑर्डर में तेज वृद्धि एक सकारात्मक संकेत है। साथ ही कारोबारी भरोसे में भी हल्का सुधार देखने को मिला।"*

### *कारोबारी भरोसा मजबूत हुआ*

*विदेशी ऑर्डर में उल्लेखनीय और तेज वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों ने कनाडा, मिस्र, इंडोनेशिया, केन्या, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, थाइलैंड और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से ऑर्डर बढ़ने की जानकारी दी। जून के हाल के निचले स्तर की तुलना में कारोबारी भरोसा मजबूत हुआ। कंपनियों ने मांग, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और नए ग्राहकों की पूछताछ को लेकर सकारात्मक रुख जताया।*

## बिजनेस साइट

### डॉ. अच्युत सामंत 75वीं मानद डॉक्टरेट से सम्मानित



**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी तथा कीट, कीस और कीम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को राजस्थान के प्रतिष्ठित महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय ने 75वीं मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया है। जयपुर स्थित राजभवन (लोक भवन) में आयोजित विशेष समारोह में शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने डॉ. सामंत को मानद उपाधि प्रदान की। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. सामंत ने राज्यपाल और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए भावनात्मक क्षण है और इसे उन्होंने अपनी दिवंगत माता नीलिमारानी की 10वीं पुण्यतिथि की पावन स्मृति को समर्पित किया।

### मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त प्रमाणित




**नागपुर।** महाराष्ट्र राज्य के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की अधिकृत प्रयोगशाला में किए गए परीक्षण में मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त पाया गया है। कंपनी ने इसे उत्पाद की गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। कंपनी के अनुसार, मशरूम-एड सूप पाउडर प्राकृतिक औषधीय मशरूम तथा चयनित आयुर्वेदिक एवं हर्बल घटकों से तैयार फूड सप्लीमेंट है। आधिकारिक जांच रिपोर्ट में किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड की मौजूदगी नहीं मिलने से उपभोक्ताओं, विक्रेताओं और वितरकों का भरोसा और मजबूत होने की बात कही गई है।

# सुमीत बाजार की 'फ्रीडम फेस्टिवल सेल' शुरू

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित फैमिली फैशन एवं लाइफस्टाइल स्टोर सुमीत बाजार ने ग्राहकों के लिए 1 से 15 अगस्त तक 'फ्रीडम फेस्टिवल सेल' की शुरुआत की है। इसके तहत परिधान, होम फर्निशिंग और दैनिक उपयोग की विभिन्न श्रेणियों के उत्पाद आकर्षक रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



कंपनी ने अभियान के अंतर्गत '80 ऑफर की सलामी' नामक विशेष ऑफर भी पेश किया है, जिसके तहत चुनिंदा उत्पाद मात्र 80 रुपये में उपलब्ध हैं। इसके अलावा कई उत्पादों को 180, 280, 380, 480 और 580 रुपये की निर्धारित कीमतों पर बिक्री के लिए रखा गया है। सेल में पुरुष, महिला एवं बच्चों के परिधान, साड़ियां, कुर्ती-पैंट सेट, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, लोअर, को-ऑर्ड सेट, बेडशीट, पर्दे, टॉवेल, एसी ब्लैंकेट सहित घरेलू उपयोग के अनेक उत्पाद शामिल हैं। वहीं, चयनित बॉयज एवं गर्ल्स वियर पर 'बाय 1 गेट 1' का विशेष ऑफर भी ग्राहकों को दिया जा रहा है।

### सभी ऑफर 15 अगस्त तक मान्य

कंपनी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के मद्देनजर यह विशेष अभियान शुरू किया गया है, ताकि ग्राहकों को किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें। सभी ऑफर 15 अगस्त तक अथवा स्टॉक उपलब्ध रहने तक मान्य रहेंगे। इन पर कंपनी के नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने 385.93 करोड़ रुपए का लाभ कमाया

**नई दिल्ली।** कृषि और निर्माण उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 385.93 करोड़ रुपये रहा है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,397.1 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2025-26 की पहली तिमाही में बंद किए गए परिचालन से कंपनी का शुद्ध लाभ 1,027.63 करोड़ रुपये था। ऐसे में बंद किए गए परिचालन सहित वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के साथ सीधे तौर पर तुलना योग्य नहीं है।



- वैश्विक तनाव कम होने से कच्चे तेल के दाम में नरमी
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश जारी रखा

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी से सेंसेक्स 544 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे।

वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के बीच कच्चे तेल के दाम में नरमी से बीएसई सेंसेक्स 544 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 391 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 544.39 अंक चढ़कर 78,639.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 800.46 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 78,895.10 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 390.70 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,774.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, इटर्नल, आईटीसी और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं।



*बाजार को मिली राहत*

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से बाजार को राहत मिली है। इससे मुद्रास्फीति और कंपनियों की आय को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा, एफआईआई निवेश में सुधार और रुपये की मजबूती से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला।*

## जिंदल स्टेनलेस का शुद्ध लाभ 7.6 फीसदी बढ़ा ...




**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत बढ़कर 769 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 715 करोड़ रुपये था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 10.5 प्रतिशत बढ़कर 11,279 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 10,207 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही के अंत में कंपनी का एकीकृत शुद्ध ऋण 2,950 करोड़ रुपये था।

# सेबी के प्रतिबंध के बाद जी एंटरटेनमेंट का शेयर टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के शेयर में सोमवार को 15 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

हैदराबाद स्थित कंपनी की जमीन को गिरवी रखने के मामले में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज पर दो महीने तथा उसके मानद चेयरमैन सुभाष चंद्रा और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) पुनीत गोयनका पर एक वर्ष के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रतिबंध लगाने के बाद कंपनी के शेयर में गिरावट आई। बीएसई में कंपनी का शेयर 14.98 प्रतिशत लुढ़ककर 98.15 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17.19 प्रतिशत टूटकर 95.60 रुपये तक आ गया। एनएसई में भी कंपनी का शेयर 14.32 प्रतिशत गिरकर 98.14 रुपये पर बंद हुआ। पूंजीकरण 1,661.69 करोड़ रुपये घटकर 9,427.50 करोड़ रुपये रह गया। सेबी ने शुक्रवार देर रात जारी 150 पृष्ठ के अंतिम आदेश में एस्सेल समूह की इकाइयों द्वारा लिए गए ऋण को सुरक्षित करने के लिए जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) की हैदराबाद स्थित भूमि को अनधिकृत रूप से गिरवी रखने के मामले में कंपनी को दो महीने और इसके मानद चेयरमैन चंद्रा तथा प्रबंध निदेशक एवं सीईओ गोयनका को एक साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

- शेयर में 15 प्रतिशत की गिरावट आई
- कंपनी के जमीन गिरवी रखने का मामला

### *नियामक ने 1.48 करोड़ का लगाया जुर्माना*

*इसके अलावा, बाजार नियामक ने उन पर कुल 1.48 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें से जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर 30 लाख रुपये, सुभाष चंद्रा पर 60 लाख रुपये और पुनीत गोयनका पर 58 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।*

## मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने दी चेतावनी

# सार्वजनिक नीति में 'मुफ्त' सबसे महंगा शब्द

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि 'सार्वजनिक नीति में मुफ्त' सबसे महंगा शब्द है। उन्होंने चेतावनी दी कि लागत से कम कीमत पर सेवाओं के वादे के आधार पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करना एक ऐसा विरोधाभास है, जो आखिर में आर्थिक संतुलन को बिगाड़ देता है।

- लागत से कम कीमत पर बुनियादी ढांचे का निर्माण विरोधाभारी

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तमिलनाडु अवसंरचना सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि उपयोगिता दरों, शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण से जुड़ी मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था भारी नुकसान पहुंचा रही है।

### मुफ्त पानी संपन्न परिवारों को सब्सिडी देता है

सीईए ने इस धारणा को पूरी तरह से खारिज किया कि इस तरह से कम कीमतें तय करना एक सामाजिक सुरक्षा के रूप में काम करता है। इसके विपरीत, नागेश्वरन ने तर्क दिया कि मुफ्त पानी प्रभावी रूप से उन संपन्न परिवारों को सब्सिडी देता है जिनके पास पहले से ही पाइप से पानी का कनेक्शन है।



### किसी न किसी को अंत में भुगतान करना पड़ेगा

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, "किसी न किसी को तो अंत में भुगतान करना ही पड़ेगा।" उन्होंने बताया कि इसके केवल तीन ही वास्तविक परिणाम होते हैं- या तो उपभोक्ता उचित शुल्क दे, या करदाता इस बोझ को उठाए, अथवा रखरखाव की कमी से सार्वजनिक संपत्ति धीरे-धीरे जर्जर होकर खुद इसकी कीमत चुकाये।

### शून्य दर तय करने से समाज उसे असीमित मानता है

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने रेखांकित किया कि पानी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की शून्य दर तय करने से समाज उन्हें असीमित मानने लगता है, जिसके चलते आखिर में बर्बादी और विनाश ही होता है। "जिस चीज को हम मुफ्त कहते हैं, उसी को हम नष्ट करते हैं। यह कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि यह एक नीतिगत विकल्प है और इसे अलग तरीके से भी चुना जा सकता है।"

**उचित दर तय करने से वंचितों की रक्षा होगी**

वहीं दूसरी ओर वास्तव में वंचित वर्ग, जिनके पास अक्सर ऐसे कनेक्शन नहीं होते, वे निजी टैंकर से मानक दर से कई गुना अधिक कीमत पर पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं।

### टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स का आईपीओ सात अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स लिमिटेड का 252 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सात अगस्त को खुलेगा। नोएडा स्थित कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसके पहले सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य दायरा 200-212 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारत का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन, जूडो में चमके, मुक्केबाजों ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में कई ऐसे खेल शामिल नहीं थे, जिनमें भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन इसके बावजूद देश ने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया तथा मुक्केबाजों, जूडो खिलाड़ियों और पैरा एथलीटों के दमदार प्रदर्शन के बलबूते पर 39 पदकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में केवल 10 खेल शामिल थे। कुश्ती, निशानेबाजी, बैडमिंटन और हॉकी जैसे खेल इसमें शामिल नहीं थे, जिनमें भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। खेलों के शुरू होने से पहले नहीं लग रहा था कि भारत शीर्ष पांच में जगह बना पाएगा। लेकिन भारत का 122 सदस्यीय दल 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक लेकर लौटा, जिससे पता चलता है कि देश अन्य खेलों में भी अच्छी प्रगति कर रहा है। भारत को चौथा स्थान दिलाने में मुक्केबाजी की भूमिका अहम रही।



### मुक्केबाजों ने किए रिकॉर्ड 10 पदक हासिल

*भारतीय मुक्केबाजों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक और कुल मिलाकर 10 परक हासिल किए। जहां महिला मुक्केबाजों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं पुरुषों ने भी अपना पूरा दम दिखाया। इस प्रदर्शन को हालांकि इस संदर्भ में देखना जरूरी है कि कई यूरोपीय और एशियाई देशों की अनुपस्थिति के कारण प्रतियोगिता ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप जितनी कठिन नहीं थी। फिर भी भारत ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया।*

## अलविदा ग्लासगो, भारत को मिली 2030 की मेजबानी



ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स का भव्य क्लोजिंग सेरेमनी के साथ समापन हो गया। इस ऐतिहासिक समारोह के दौरान कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी आधिकारिक तौर पर भारत को सौंपी गई। कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी मौजूद रही। क्लोजिंग सेरेमनी में भारत ने अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत का शानदार प्रदर्शन किया। गायक शंकर महादेवन, ऋषभ शर्मा और भूमि त्रिवेदी ने अपनी प्रस्तुति दी। भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लैंबोरिया ने तिरंगा लेकर टीम इंडिया का नेतृत्व किया। 74 कॉमनवेल्थ देशों और क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने एक साथ मार्च किया।

## खबर संक्षेप



### वीनस की जीत का इंतजार बढ़ा, कामिला से हारी

**टोरंटो।** वीनस विलियम्स का वापसी के बाद पहली जीत के लिए इंतजार और बढ़ गया क्योंकि उन्हें नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। वीनस को कामिला रखिमोवा ने 6-4, 6-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बारिश के कारण यह मैच देर से खेला गया। इस डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 46 वर्षीय वीनस जुलाई 2025 से लगातार 12 मैच हार चुकी हैं। 24 वर्षीय रखिमोवा उज्बेकिस्तान की रहने वाली हैं। वह विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज हैं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच बने स्मिथ

**लाहौर।** बल्लेबाजों के लगातार खराब प्रदर्शन से परेशान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर माइक स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया है। वह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे। लेवल चार के बल्लेबाजी कोच स्मिथ को टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ काफी अनुभव है, विशेषकर पाकिस्तान सुपर लीग की कई टीम के साथ काम करने का।

### चोटिल बुमराह की जगह श्रीलंका के खिलाफ खेलेंगे सीरीज

# औकिब बने कश्मीर घाटी के पहले टेस्ट क्रिकेटर, श्रीलंका दौरे पर दिखाएंगे दम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी को चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।

इस तरह से वह भारत की टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले कश्मीर घाटी के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। नबी को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

### चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर बुमराह

बुमराह को फिटनेस के आधार पर टेस्ट टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'पुरुष चयन समिति ने बुमराह के स्थान पर औकिब नबी को टीम में शामिल किया है। जम्मू और कश्मीर के इस तेज गेंदबाज को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।'



### श्रीलंका ए के खिलाफ चटका चुके हैं 6 विकेट

आकिब नबी ने हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 6 विकेट चटकाए थे, जिसमें एक ही पारी में 4 विकेट हॉल लेना शामिल था। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में आकिब नबी ने कुल 43 मैच खेले हैं और इस दौरान उन्होंने 71 पारियों में 18.63 की बेहतरीन औसत और 2.90 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ 162 विकेट हासिल किए हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 16 बार 5 विकेट हॉल और 4 बार 10 विकेट हॉल लेने का कीर्तिमान अपने नाम किया है।

### रणजी ट्रॉफी के दो सत्रों में 104 विकेट

कश्मीर के बारामूला के गांव के रहने 29 वर्षीय नबी जम्मू कश्मीर के तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्हें भारत की सीनियर टीम में चुना गया है। उनसे पहले परवेज रसूल और उमरान मलिक को सीमित ओवरों के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम में चुना गया था। रसूल और मलिक सीमित ओवरों के प्रारुप में भारत के लिए खेल चुके हैं। नबी ने पिछले दो रणजी ट्रॉफी सत्र में कुल 104 विकेट लिए थे, जिनमें 2025-26 सत्र में लिए गए 60 विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान देने में सक्षम हैं। वह हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई भारत ए टीम का भी हिस्सा थे, जहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में 6 विकेट लिए थे। श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 15 अगस्त को गॉल में शुरू होगी।

### भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत पडिक्कल, सारांश जैन, औकिब नबी।

### दलीप ट्रॉफी

## नार्थ जोन के लिए खेलेंगे अर्शदीप वधावन संभालेंगे टीम की कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 23 अगस्त से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए जम्मू कश्मीर के विकेटकीपर कन्हैया वधावन की अगुवाई वाली उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

■ उत्तर क्षेत्र के लिए टीम का ऐलान, बदोनी को बनाया गया उपकप्तान

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को भी उत्तर क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत के बाद चयनकर्ताओं ने वहां के छह खिलाड़ियों को टीम में जगह देकर उनके प्रदर्शन को सम्मान दिया है। वधावन के अलावा सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल, हरफनमौला अब्दुल समद, बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक, तेज गेंदबाज सुनील कुमार और युधवीर सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। दिल्ली के आयुष बदोनी को उपकप्तान बनाया गया है।

### दिल्ली के 4 खिलाड़ियों को टीम में जगह

चयनकर्ताओं का मानना है कि दलीप ट्रॉफी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत करने वाले खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच है। जम्मू कश्मीर के बाद दिल्ली के सबसे अधिक चार खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। इनमें सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान, पूर्व कप्तान यश ढुल, मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष दोसेजा और उपकप्तान बदोनी शामिल हैं। स्पिन और हरफनमौला विकल्प के रूप में निशांत सिंधू, आबिद मुश्ताक और अर्जुन शर्मा को टीम में शामिल किया गया है।

### 'टूर डी फ्रांस फेम्स'

## रेस में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं हर्षिता



एजेंसी ▶▶| एगल

भारत की युवा साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ ने प्रतिष्ठित 'टूर डी फ्रांस फेम्स' का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला बन कर इतिहास रच दिया है।

राजस्थान की 19 साल की खिलाड़ी ने रविवार को इस कठिन बहु-चरणीय साइकिल रेस के दूसरे चरण के औपचारिक शुभारंभ (सेरेमोनियल स्टार्ट) में आठ प्रतिभाशाली साइकिलिस्ट के दल का नेतृत्व किया। इस दल में अफगानिस्तान, अल्जीरिया, चिली, इथियोपिया (दो साइकिलिस्ट), नामीबिया और युगांडा की खिलाड़ी शामिल थीं। प्रतियोगिता की शुरुआत एक अगस्त को लुसान से हुई और इसका समापन 9 अगस्त को नीस में होगा।

### सपना हुआ पूरा : हर्षिता

हर्षिता ने कहा, 'बचपन में अपने पिता की प्रेरणा से मुझे साइकिलिंग से लगाव हुआ और तभी से टूर डी फ्रांस में भाग लेना मेरा सपना रहा है। मैं यूसीआई की आभारी हूं कि उसने मुझे महिला रेस के दूसरे चरण की शुरुआत में दुनिया की अन्य प्रतिभाशाली साइकिलिस्टों के साथ सवारी करने का अवसर दिया।' जूनियर स्तर पर विभिन्न टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली हर्षिता का लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में शीर्ष 10 में जगह बनाना और 2030 में पदक जीतना है। 'टारगेट एशियाई खेलों' समूह की खिलाड़ी हर्षिता भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला स्थित राष्ट्रीय उतकृष्टता केन्द्र में अपने पिता और कोच राकेश जाखड़ की देख-रेख में अभ्यास करती है।

### कोरिया ओपन आज से तन्वी के प्रदर्शन पर नजरें

## तन्वी और श्रीकांत संभालेंगे भारतीय चुनौती की कमान

एजेंसी ▶▶| आसन

ताइपे ओपन की चैंपियन तन्वी शर्मा और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पंजाब की 17 वर्षीय तन्वी पर कोरिया ओपन में प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। वह महिला एकल में क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

पुरुष एकल में तीसरे वरीय श्रीकांत पर नजर रहेगी, जो फिटनेस समस्या के कारण कनाडा ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह अब पूरी तरह से फिट हैं और इजरायल के डैनियल डुबोवेंको के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे।

### तान्या को मिलेगी हिना अकेची से कड़ी चुनौती



महिला एकल में सातवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ को भी पहले दौर में क्वालीफायर का सामना करना है लेकिन तान्या हेमंत को जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम मिन जी से, जबकि श्रेयांशी वालिशेट्टी का चीनी ताइपे की पाइ यू पो से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज और अश्मिता चालिहा दोनों क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल खरब का मुकाबला हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी से और मानसी सिंह का सामना दक्षिण कोरिया की किम जू यून से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ दक्षिण कोरिया की ली सो यून से भिड़ेंगी।

### युगल जोड़ियों को दिखाना होगा दम

महिला युगल में सोनाली सिंह और रितिका ठाकर का सामना क्वालीफायर से होगा, जबकि प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा दूसरी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी रिरीना हिरामोटो और कोकोना इशीकावा से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गरगा और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय पहले दौर में थाईलैंड के चालोम्पोन चारोएनकितामोर्न और वोरापोल थींगसा का सामना करेंगे।



## अमेरिकी क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर आठ साल का बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (यूएसए) के क्रिकेटर बोडुगम अखिलेश रेड्डी पर सभी तरह के क्रिकेट से 8 साल का बैन लगाया है। उन्हें एंटी-करप्शन ट्रिब्यूनल ने एंटी-करप्शन कोड के तीन नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। 26 वर्षीय रेड्डी पर ये कार्रवाई संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट के 2025 एडिशन से जुड़ी भ्रष्ट गतिविधियों के कारण की गई है। आईसीसी को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस लीग के लिए 'डेजिग्नेटेड एंटी-करप्शन ऑफिशियल' (डीएसीओ) के तौर पर नियुक्त किया था। आईसीसी के मुताबिक रेड्डी का 8 साल का सस्पेंशन 21 नवंबर 2025 से लागू माना जाएगा, जब उन्हें पहली बार अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया था। ट्रिब्यूनल की औपचारिक कार्रवाई के बाद, रेड्डी को एंटी-करप्शन कोड के तहत तीन मुख्य नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है।

आईसीसी ने कहा, आर्टिकल 2.1.1: एडीटी10 2025 में मुकाबलों के नतीजे, प्रगति, आचरण या किसी अन्य पहलू को फिक्स करने, उसकी साजिश रचने या गलत तरीके से प्रभावित करने की कोशिश करना, या किसी भी तरह से फिक्सिंग या साजिश या गलत तरीके से प्रभावित करने के समझौते या प्रयास में शामिल होना है।

### चेल्सी एफसी के लिए खेलेंगे अर्जेंटीना के 21 वर्षीय बारको



**लंदन।** चेल्सी एफसी ने आरसी स्ट्रासबर्ग से अर्जेंटीना के इंटरनेशनल खिलाड़ी वैलेंटीन बारको को साइन करने की पुष्टि की है। मिडफील्डर ने 2033 तक के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। अर्जेंटीना के 22 वर्षीय खिलाड़ी प्री-सीजन के दौरान मैनेजर जाबी अलोंसो और अपनी नई टीम के साथियों के साथ जुड़ेंगे। 22 वर्षीय बारको ने अर्जेंटीना में बोका जूनियर्स के साथ अपना करियर शुरू किया था।

**भारतीय स्टेट बैंक**
एचएलसी भिलाई, एस.बी.आई. परिसर, सेक्टर-01, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490001, फोन : 0788-2226903

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। ऋणी द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतद्द्वारा ऋणी / जमानतदारों को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी / जमानतदारों और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित सम्पत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। ऋणी / जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री शशि कांत मिश्रा** पिता महेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं **श्रीमती रुचि मिश्रा** पति शशिकांत मिश्रा | (1) 29.05.2026 (2) 29.07.2026 | रू. 12,13,828/- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | फ्लैट नंबर 507, ब्लॉक-बी, 5वीं मंजिल, 2 बीएचके, साई विलाज एंड अपार्टमेंट, प.ह. नंबर 49, आरआईसी अहिवारा, कुम्हारी, तहसील-धमधा, जिला- दुर्ग में क्षेत्रफल 499 वर्गफीट संपत्ति। मालिकाना हक- श्रीमती रुचि निश्रा पति शशिकांत मिश्रा। सीमाएँ: उत्तर – फ्लैट नंबर 508, दक्षिण – ब्लॉक ए, पूर्व – फ्लैट नंबर 50, पश्चिम – आसमान की ओर खुला |

दिनांक: 29.07.2026, स्थान- भिलाई
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**भारतीय स्टेट बैंक**
एच.एल.सी.- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

**मांग सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उन्होनें बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पूर्नभुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

| क्र. | ऋणि का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण / लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता | नोटिस की तिथि एवं एन.पी.ए. की तिथि | बकाया राशि (नोटिस की तिथि के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता- श्रीमती सपना केडिया** पति श्री नवीन केडिया, **श्री नवीन केडिया** पिता श्री गोपाल प्रसाद केडिया, पता- फ्लैट नंबर-103, ब्लॉक-06, प्रथम तल, अशोका रतन, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) | **चल परिसंपत्तियाँ -** संपत्तियाँ अर्थात् चालू परिसंपत्तियाँ, जिनमें स्टॉक, बही-खाते, बही ऋण, प्राप्य राशियाँ, उपभोज्य भंडार, स्पेयर पार्ट्स तथा प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधक। **अचल संपत्ति:** आवासीय फ्लैट का समस्त भू-भाग स्थित फ्लैट नं 103, आवासीय परिसर "अशोका रत्न" बहुमंजिला भवन, "ब्लॉक-6" , प्रथम मंजिल, खसरा न 1101, 1102, 1281, 198, 1099, 1130/2, 1104/2, 1105/2, 1100, 1097, 1098, 1321, 199, 207/9, मौजा ग्राम-शंकर नगर, प.ह.नं.- 110, वार्ड क्रमांक-27, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.), सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 964 वर्गफुट। (सेल डीड दिनांक 31/03/2017, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 72890, डीड क्रमांक 8501, पृष्ठ क्रमांक 235 से 267 तक। | 01.08.2026 11.05.2026 | रू. 32,23,344.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

इन्हें सूचित करने के लिये अन्य वैकल्पिक माध्यमों के द्वारा उपाय किये जा रहे है। उधारकर्ता और/या उनके जमानतदारों (जहाँ लागू हो) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

दिनांक: 04.08.2026, स्थान- रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक






# इस मंदिर में महिलाओं की तरह सज-धजकर पूजा करते हैं पुरुष

**तिरुवनंतपुरम।** दुनिया भर में ऐसे कई मंदिर हैं, जिनको लेकर तरह-तरह की मान्यताएं हैं। भारत में आस्था और परंपराओं के कई अनोखे रूप देखने को मिलते हैं, लेकिन केरल का कोट्टनकुलंगरा देवी मंदिर सबसे अलग हैं, जो अपनी अनोखी परंपरा के कारण देश-विदेश में चर्चा का केंद्र है। यहां मंदिर में प्रवेश करने और देवी के दर्शन के लिए पुरुषों को बाकायदा महिलाओं की तरह साड़ी पहनकर सोलह श्रृंगार करना होता है। इस अनोखी परंपरा के पीछे एक पौराणिक कथा और लोगों का विश्वास जुड़ा हुआ है। दरअसल, कोट्टनकुलंगरा देवी मंदिर में हर साल 'चामयाविलक्कु' उत्सव मनाया जाता है, जहां पुरुष साड़ी और 16 श्रृंगार करके देवी की पूजा करते हैं। इस दो दिन के उत्सव के दौरान मंदिर परिसर का नजारा देखने लायक होता है।



### जब मंदिर में प्रवेश के लिए पुरुषों को बदलना पड़ता है रूप

क्या आपने अब तक किसी ऐसे धार्मिक स्थल के बारे में सुना है, जहां पुरुषों का पैंट-शर्ट या कुर्ता पहनकर जाना मना हो? केरल के कोल्लम जिले में स्थित कोट्टनकुलंगरा देवी मंदिर में कुछ ऐसा ही नियम है। यहां 'चामयाविलक्कु' उत्सव के दौरान हजारों की तादाद में पुरुष साड़ी पहनकर पहुंचते हैं। इस दौरान वो केवल साड़ी ही नहीं पहनते, बल्कि चेहरे पर मेकअप, बालों में गजरा और ज्वेलरी भी पहनते हैं। यहीं नहीं पुरुषों को तैयार करने के लिए मंदिर के आसपास बाकायदा मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी पार्लर के स्टॉल लगाए जाते हैं।

### चरवाहों की कथा से जुड़ी है अनूठी परंपरा

दरअसल, इस मंदिर से एक बेहद दिलचस्प मान्यता जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि सदियों पहले कुछ चरवाहे लड़के लड़कियों के कपड़े पहनकर पूजा किया करते थे। उसी समय देवी वहां प्रकट हुईं और उन्हें आशीर्वाद दिया। बस तभी से यह परंपरा चली आ रही है कि, जब भी कोई पुरुष सच्चे मन से महिला के रूप में यहां आता है, देवी मां उसकी हर मनोकामना पूरी करती हैं।

**रोचक खबरें**

## राजस्थान से लेकर अफ्रीका के सहारा तक गायब हो रहा रेगिस्तान का जहाज

**अदीस अबाबा।** ऊंट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ते तापमान की मार से यह मजबूत जानवर भी खुद को नहीं बचा पा रहा है। भारत के राजस्थान से लेकर अफ्रीका के सहारा तक गर्मी के चलते ऊंटों की मौत हो रही है। अफ्रीका के रेगिस्तान में सदियों से लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा रहे ऊंट धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। 2025 में छपी स्टडी में बताया गया है कि ज्यादा तापमान और मौसम में बदलाव का असर ऊंटो की सेहत पर बड़ा है। दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या में एक कूबड़ वाले ऊंट उत्तरी अफ्रीका और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में पाए जाते हैं। इथियोपिया का अफार इलाका यहीं है, जहां खानाबदोश लोग अक्सर रेगिस्तान से नमक ले जाने वाले ऊंटों के कारवां को ले जाते हैं। अफार के सोमेरा में लगभग 500 ऊंटों के मालिक अली उमर ने बताया कि उन्होंने एक महीने में भीषण गर्मी के चलते ऊंटों का बच्चों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि गर्मी बहुत ज्यादा बर्दाश्त के बाहर हो गई है। वैज्ञानिक और जानवरों के कल्याण के लिए काम करने वाली स्टडीज भी यही बताती हैं। 2025 में छपी स्टडी के अनुसार, लोगों ने बताया कि जलवायु परिवर्तन और मौसम में बदलाव का ऊंटों की सेहत, उत्पादकता और प्रजनन क्षमता पर असर पड़ा है। इसी साल जून में छपी रिसर्च से पता चलता है कि पड़ोसी देश सोमालिया में हालात और भी गंभीर हैं। यहां सूखे के कारण ऊंटों की मौत एक बड़े संकट के रूप में सामने आई है। ऊंटों पर यह संकट केवल अफ्रीका तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भारत के थार रेगिस्तान में भी साफ दिखाई दे रहा है।



## धरती पर नए महाद्वीप अमेसिया का होगा जन्म, गायब होगा सबसे बड़ा समुद्र?

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े महासागर को लेकर वैज्ञानिकों ने सबसे चिंताजनक भविष्यवाणी की है। वैज्ञानिकों में इस महासागर के अस्तित्व को लेकर चिंता है। वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के सिकुड़ने के पीछे टेक्टोनिक प्लेट्स को जिम्मेदार ठहराया है।



प्रशांत महासागर जो पृथ्वी की सतह पर मौजूद सबसे बड़ी संरचना है वो धीरे-धीरे छोटा होता जा रहा है और यह बात जितनी हैरान करने वाली है उतनी ही चौंकाने वाली भी है। एनओएए ओशन एक्सप्लोरेशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि प्रशांत महासागर 155 मिलियन वर्ग किलोमीटर (लगभग 60 मिलियन वर्ग मील) से ज्यादा इलाके में फैला हुआ है। धरती पर मौजूद सभी महाद्वीपों और द्वीपों का कुल जमीनी इलाका लगभग 149 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। इस तरह प्रशांत महासागर अकेले ही इन सबसे बड़ा है और फिर भी काफी जगह बच जाती है। यह धरती की सतह के लगभग एक-तिहाई हिस्से को घेरे हुए है और दुनिया के महासागरों के कुल पानी का लगभग आधा हिस्सा इसमें है। अटलांटिक महासागर जिसे ज्यादातर लोग एक बहुत बड़े जल-क्षेत्र के तौर पर देखते हैं उसमें प्रशांत महासागर के मुकाबले आधा ही पानी है। लगभग 200 से 250 मिलियन साल पहले जब सुपरकॉन्टिनेंट पैंजिया टूटा और प्राचीन सुपर-ओशन पैंथालासा में दरार आई तब प्रशांत महासागर बना। जैसे-जैसे टेक्टोनिक प्लेट्स ने ज़मीन को अलग किया अटलांटिक महासागर बना और विशाल पैंथालासा सिकुड़कर उस रूप में आ गया जिसे हम आज प्रशांत महासागर कहते हैं।

## रोबोट करते हैं हर यात्री का स्वागत!

# दुनिया का इकलौता एयरपोर्ट, जिसके अंदर है झरना और तितली पार्क

दुनिया में ऐसे कई एयरपोर्ट हैं, जो अपनी आधुनिक सुविधाओं, शानदार डिजाइन और बेहतरीन सेवाओं के लिए मशहूर हैं। कहीं आलीशान लाउंज हैं, तो कहीं यात्रियों के लिए लग्जरी शॉपिंग और मनोरंजन की सुविधाएं मौजूद हैं। लेकिन सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट इन सबसे बिल्कुल अलग है। यह सिर्फ एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि अपने आप में एक बड़ा पर्यटन स्थल बन चुका है।

**सिंगापुर।** यहां लोग सिर्फ फ्लाइट पकड़ने नहीं आते, बल्कि घूमने, समय बिताने, फोटो खिंचवाने, खरीदारी करने और यहां तक कि शादी और दूसरे खास समारोह आयोजित करने भी पहुंचते हैं। इसकी खूबसूरती और अनोखी सुविधाएं इसे दुनिया के सबसे सुंदर एयरपोर्ट्स में शामिल करती हैं। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर भी चांगी एयरपोर्ट की तस्वीरें और वीडियो अक्सर वायरल होते रहते हैं।

चांगी एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके अंदर कदम रखते ही ऐसा महसूस होता है, जैसे आप किसी घने जंगल में आ गए हों। यहां हजारों पेड़-पौधे और रंग-बिरंगे फूल लगाए गए हैं, जो पूरे माहौल को प्राकृतिक बना देते हैं। हरियाली से भरे इस एयरपोर्ट में चलते हुए यात्रियों को शहर की भीड़भाड़ का एहसास ही नहीं होता। यही कारण है कि कई लोग अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट के दौरान भी यहां समय बिताना पसंद करते हैं। यहां बटरफ्लाई पार्क भी है जहां हजारों तितलियां रहती है और लोग वहां जाकर उन्हें देख सकते हैं।



### दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर झरना है सबसे बड़ा आकर्षण

चांगी एयरपोर्ट का सबसे मशहूर आकर्षण 'रेन वोर्टेक्स' है। लगभग 130 फीट ऊंचा यह इनडोर झरना दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर वॉटरफॉल माना जाता है। कांच से बने विशाल गुंबद के बीचों-बीच गिरता यह झरना दिन में जितना खूबसूरत दिखता है, रात में रंग-बिरंगी रोशनी और म्यूजिक शो के साथ उसका नजारा और भी ज्यादा शानदार हो जाता है। यही जगह सबसे ज्यादा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

### स्विमिंग पूल, गार्डन और मनोरंजन की ढेरों सुविधाएं

चांगी एयरपोर्ट सिर्फ यात्रा करने की जगह नहीं है, बल्कि यहां मनोरंजन के भी कई विकल्प मौजूद हैं। एयरपोर्ट की छत पर बना स्विमिंग पूल यात्रियों को आराम करने का मौका देता है। इसके अलावा यहां चार मंजिला गार्डन बनाया गया है, जहां कई तरह के पौधे लगाए गए हैं। यहीं नहीं, एयरपोर्ट में फिल्म थिएटर, बच्चों के खेलने की जगह, शॉपिंग मॉल, रेस्टोरेंट और कैफे जैसी कई सुविधाएं भी हैं।

### दुनियाभर के पर्यटकों की पसंदीदा जगह

चांगी एयरपोर्ट का डिजाइन मशहूर आर्किटेक्ट मोशे सफ्दी ने तैयार किया है। अप्रैल 2019 में शुरू हुए ज्वेल चांगी कॉम्प्लेक्स ने इसकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया। यहां बना विशाल कांच का ढांचा, वर्षावन जैसा वातावरण और शानदार वास्तुकला दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसी वजह से कई लोग अपनी यात्रा के दौरान जानबूझकर ऐसी फ्लाइट चुनते हैं, जिसमें चांगी एयरपोर्ट पर कुछ घंटों का स्टॉपओवर मिले, ताकि वे इसकी खूबसूरती का आनंद ले सकें। चांगी एयरपोर्ट अपनी बेहतरीन साफ-सफाई, शानदार सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के कारण कई बार स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का खिताब जीत चुका है। इसका विशाल परिसर करीब 10.46 लाख वर्गफुट में फैला हुआ है और इसे बनाने में लगभग 1.25 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आई थी।

# आवाज से 7 गुना तेज रफ्तार: चांद से टकराएगा मस्क का बेकाबू रॉकेट

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में एक ऐसा हादसा होने जा रहा है, जिसे दुनिया भर के वैज्ञानिक सांसें थामकर देख रहे हैं। अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट ध्वनि की रफ्तार से भी 7 गुना तेजी से चांद से 5 अगस्त को टकराने जा रहा है। इस भीषण टक्कर में न सिर्फ चांद की सतह पर एक नया गहरा क्रेटर यानी गड्ढा, बल्कि अंतरिक्ष में धूल का एक विशाल बवंडर भी उठेगा। आखिर कैसे अंतरिक्ष का यह 'कचरा' एक बड़े हादसे में बदल गया और इससे भविष्य के मून मिशनों पर क्या असर पड़ेगा?



यह रॉकेट स्टेज जनवरी 2025 में दो प्राइवेट लूनर लैंडर्स को लॉन्च करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। मिशन पूरा होने के बाद से ही यह अंतरिक्ष में भटक रहा था। स्पेस ट्रैकिंग एक्सपर्ट बिल ग्रे के मुताबिक, यह रॉकेट लगभग 5,400 मील प्रति घंटे यानी करीब 8,700 किमी प्रित घंटे की रफ्तार से बुधवार तड़के चांद के सूर्य-प्रकाश वाले पश्चिमी किनारे आइंस्टीन क्रेटर के पास टकराएगा। यह पूरी तरह से एक अनजाने में हुआ हादसा है, जो स्पेसएक्स के ही मिशन प्लान का हिस्सा नहीं था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर रॉकेट को काम पूरा होने के बाद सूर्य की कक्षा की ओर मोड़ दिया जाता, तो इस हादसा से बचा जा सकता था।

### सैटेलाइट्स की पैनी नजर

नासा का लूनर टोही ऑर्बिटर और दक्षिण कोरिया का दानुरी लूनर ऑर्बिटर इस घटना की तस्वीरें लेंगे। हैरान करने वाली बात यह है कि दानुरी ऑर्बिटर टक्कर से ठीक 2 मिनट पहले इस भटकते रॉकेट के बहुत ही करीब से गुजरेगा।

### अंतरिक्ष में बढ़ता कचरा चिंता का विषय

यह चांद पर किसी इंसानी रॉकेट के टकराने की दूसरी जानी-पहचानी घटना है। इससे पहले 2022 में चीन का एक बेकार रॉकेट स्टेज चांद के पिछले हिस्से से टकराया था। रिटायर्ड खगोल वैज्ञानिक जोनाथन मैकडॉवेल का कहना है कि अभी के लिए इस टक्कर से कोई बड़ा खतरा नहीं है, लेकिन भविष्य में जब चांद पर इंसानी बेस होंगे, तब ऐसे बेकाबू रॉकेट गंभीर समस्या बन सकते हैं। इसलिए, रॉकेट स्टेजों को इस तरह लावारिस छोड़ना बंद करना होगा।

## सबसे बड़ी भूलभुलैया, कई-कई किलोमीटर तक दिखती है सिर्फ रेत

**मोरक्को।** दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जो अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर हैं, जबकि कुछ स्थान अपनी कठिन परिस्थितियों और रहस्यमयी प्रकृति के कारण लोगों को आकर्षित करते हैं। इन्हीं में से एक है सहारा रेगिस्तान, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान माना जाता है। इसकी विशालता, बदलते रेत के टीले और बेहद कठिन जलवायु इसे पृथ्वी के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में शामिल करते हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों सहारा रेगिस्तान से जुड़ी एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसमें इसे दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक भूलभुलैया बताया गया है।



### करीब 92 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला है सहारा

सहारा रेगिस्तान का क्षेत्रफल लगभग 92 लाख वर्ग किलोमीटर (करीब 9.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर) है। यह इतना विशाल है कि इसका आकार लगभग पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर माना जाता है। यह रेगिस्तान उत्तरी अफ्रीका के कई देशों में फैला हुआ है, जिनमें अल्जीरिया, लीबिया, मिस्र, चाड, नाइजर, माली, मॉरिटानिया, सूडान, ट्यूनीशिया और मोरक्को जैसे देश शामिल हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com